1986-2025 39 वां वर्ष स्वर्ण जयंती की ओर अग्रसर
प्रयागराज
वर्ष 34,अंक 177
रविवार 09 मार्च,2025
पृष्ठ 12 ₹4.00

राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र

# स्वतंत्र चेतना

उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व नई दिल्ली से प्रकाशित

www.swatantrachetnanews.com गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, नई दिल्ली, हरिद्वार, वाराणसी ,आजमगढ़ व अयोध्या से प्रकाशित




पर्दे से लेकर निजी जीवन तक माधुरी ने किए दिलचस्प खुलासे

मध्यप्रदेश में धर्मांतरण करवाने वालों को होगी फांसी की सजाः मोहन

## महाराणा प्रताप व शिवाजी असली नायकः योगी

» कहा जिन्होने अकबर व औरंगजेब को बेमौत मरने को मजबूर किया,मुख्यमंत्री ने नोएडा में किया माइक्रोसाफ्ट कैंपस का उद्घाटन व शिलान्यास



**स्वतंत्र चेतना**

नोएडा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नोएडा में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। योगी ने सपा नेता अबू आजमी का नाम लिए बगैर कहा, जो लोग राष्ट्र नायकों को सम्मान नहीं दे सकते, वे किसी मानसिक विकृति के शिकार हैं। उनके इलाज की आवश्यकता है।

योगी ने कहा– असली नायक तो महाराणा प्रताप हैं, जिन्होंने अकबर को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था। नायक तो छत्रपति शिवाजी महाराज हैं, जिन्होंने औरंगजेब को घुट–घुटकर बेमौत मरने के लिए मजबूर कर दिया। इसलिए नायक शिवाजी महाराज हैं, औरंगजेब नहीं हो सकता।

जिन्होंने सनातन धर्म, भारत और संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया हो, जिन्होंने हमारी परंपरा को रौंदने के लिए तमाम षड़यंत्र किए हों, वो भारत के कभी भी राष्ट्रनायक नहीं हो सकते।

हम राष्ट्रनायक उन्हें मानते हैं, जिन्होंने राष्ट्र और धर्म के लिए कुछ समर्पित किया हो। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह का योगदान इस दिशा में अविस्मरणीय है।

महाराणा प्रताप का जीवन हमें सदैव प्रेरणा देता है। आज भी कोई चित्तौड़गढ़ जाता है तो हल्दीघाटी की माटी ले जा करके उसे तीर्थ के रूप में सम्मानित करता है। याद करिए ये भारत के अंदर ही हो सकता है।

महाराणा का घोड़ा चेतक भी हम सब के लिए नई प्रेरणा छोड़कर गया है। स्वामी भक्ति का इससे अच्छा उदाहरण दूसरा क्या मिल सकता है। ये है भारत का इतिहास।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के नागरिकों पर सौगातों की जमकर बरसात की। उन्होंने 1,467 करोड़ रुपए की 97 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। साथ ही नोएडा में स्थापित 14 औद्योगिक इकाईयों को 617 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दी।

### चैंपियंस ट्राफी का फाइनल आज

## 2013 के इतिहास को दोहराने मैदान पर उतरेगा भारत

» फाइनल में भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा जो खिताब के लिए जोर लगाने को तैयार है



**स्वतंत्र चेतना**

दुबई। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में 2013 की जीत के इतिहास को दोहराने के इरादे से न्यूजीलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम तीसरी बार बहुप्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है जहां उन्हे मजबूत न्यूजीलैंड से मुकाबला करना है जो अपने पहले खिताब के लिये एड़ी चोटी का जोर लगाने को तैयार है। न्यूजीलैंड विश्व क्रिकेट में लगातार एक ताकत रहा है, जिसने हाल के टूर्नामेंटों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, वे (न्यूजीलैंड) बहुत अच्छी टीम हैं। मैं उन्हें करीब से देख रहा हूं और वे असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी खेल शैली काबिल ए तारीफ है। हालांकि जैसा कि इतिहास ने दिखाया है, फाइनल अप्रत्याशित हो सकते हैं। भारत इस प्रतियोगिता में प्रमुख खिलाड़ियों के असाधारण प्रदर्शन से मजबूत होकर उतरेगा।

दबाव वाले मैचों में अपने कौशल के लिए प्रसिद्ध विराट कोहली ने एक बार फिर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। बल्लेबाजी का महारथी अकेले आईसीसी नॉकआउट इवेंट में एक हजार रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी मैच जिताऊ पारी ने उनकी चेज मास्टर के रूप में प्रतिष्ठा को फिर से पुख्ता किया। केएल राहुल ने निचले क्रम में महत्वपूर्ण रन बनाए हैं।

### न्यूज ब्रीफ

#### योगी ने की भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात



**स्वतंत्र चेतना**

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने जेपी नड्डा को महाकुंभ पर एक किताब भेंट की। मुलाकात के बाद जेपी नड्डा ने एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि आज दिल्ली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट हुई।

#### नेपाल–तिब्बत सीमा पर 5.9 तीव्रता का भूकंप

**स्वतंत्र चेतना**

काठमांडू। नेपाल और तिब्बत की सीमा पर आज दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 मापी गयी है। भूकंप का असर चीन सीमा से लगे कई जिलों में दिखा। राजधानी काठमांडू में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से किसी भी प्रकार के जानमाल की क्षति होने की कोई खबर नहीं है।

नेपाल के भूकंप मापन केंद्र के मुताबिक, शनिवार दोपहर स्थानीय समय के अनुसार 2:35 बजे भूकंप आया। भूगर्भविद भरत कोइराला ने कहा कि भूकंप का केंद्र तिब्बत के शिगात्से में है।

#### महिला दिवस पर मोदी ने दी शुभकामनाएं

**स्वतंत्र चेतना**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि हम महिला दिवस के अवसर पर अपनी नारी शक्ति को नमन करते हैं! हमारी सरकार हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम करती रही है, जो हमारी योजनाओं और कार्यक्रमों में परिलक्षित होता है।

## मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूंः मोदी

### क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं–बहनों का आशीर्वाद है,मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं

» अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री ने लखपति दीदियों को लखपति प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित





**स्वतंत्र चेतना**

नवसारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के नवसारी में कहा कि वह दुनिया के सबसे धनवान व्यक्ति हैं।

श्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज यहां लखपति दीदियों को सम्मानित किया और जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज महिला दिवस का ये दिन, गुजरात की मेरी मातृभूमि और इतनी बड़ी संख्या में आप सब माताओं, बहनों और बेटियों की ये उपस्थिति, इस विशेष दिन आपके इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। गुजरात की इस धरती से मैं सभी देश वासियों को, देश की सभी माताओं–बहनों को महिला दिवस की शुभकामनायें भी देता हूं।

उन्होंने कहा कि आज यहां गुजरात सफल और गुजरात मैत्री इन दो योजनाओं का शुभारंभ भी हुआ है। अनेक योजनाओं के पैसे भी महिलाओं के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। उन्होंने कहा, मैं इसके लिए भी आप सभी को बधाई देता हूं। आज का दिन महिलाओं को समर्पित है। हम सबके लिए महिलाओं से प्रेरणा प्राप्त करने का दिवस है। महिलाओं से कुछ सीखने का दिवस है। इस पवित्र दिवस पर मैं आप सभी का अभिनंदन और आभार भी व्यक्त करता हूं। इस दिन मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मैं जानता हूं कि कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे और पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा, मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। माताओं, बहनों और बेटियों के ये आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा, ताकत और पूंजी तथा मेरा सुरक्षा कवच है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के नवसारी में लखपति दीदी कार्यक्रम में कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में महिला पायलट हमारे देश में हैं।

श्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। इनमें से करीब–करीब आधे स्टार्टअप्स में कोई न कोई महिला निदेशक की भूमिका में है। भारत अन्तरिक्ष में, अंतरिक्ष विज्ञान में अनंत ऊंचाइयों को छू रहा है। वहाँ भी ज्यादातर बड़े मिशन को महिला वैज्ञानिकों की टीम लीड कर रही है।

उन्होंने कहा, हम सबको ये देखकर गर्व होता है कि आज दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में महिला पायलट हमारे भारत में हैं। हम यहां नवसारी के इस आयोजन में भी नारी शक्ति के सामर्थ्य को देख सकते हैं। इस आयोजन की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं ने संभाली है।

## मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन हिंसा,1 की मौत,16 घायल



**स्वतंत्र चेतना**

मणिपुर। मणिपुर में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू होते ही हिंसा भड़क उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड़ने वाली सड़कों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुईं, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आवाजाही रोकने के लिए सड़कों पर पत्थर बिछा दिए। सड़कों पर पेड़ काटकर गिरा दिए। कई जगह गाड़ियां खड़ी कर सड़कें रोक दीं। बसों, कारों में आग लगा दी। हिंसा कर रहे लोगों को रोकने के लिए सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। जवाब में प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी की।

सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में 1 शख्स की मौत हुई है, जबकि 16 गंभीर रूप से घायल हैं। सुरक्षाबलों की ओर से पैलेट गन का इस्तेमाल होने की भी खबर है।

» कुकी समुदाय के लोगों ने बसें रोकीं, सुरक्षाबलों ने आंसू गैस छोड़ी

कुछ तस्वीरों–वीडियोज में घायलों के शरीर पर पैलेट गन के छर्रों के निशान दिख रहे हैं। इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति इलाकों में जा रही सरकारी बसों को सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा में चलाया जा रहा है। इसके अलावा रेड जोन वाले इलाकों में जगह–जगह सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।

## भारत–बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की कोशिश नाकाम, बीएसएफ ने 1 को मार गिराया

» मुठभेड़ में एक जवान घायल

**स्वतंत्र चेतना**

सिलीगुड़ी । पश्चिम बंगाल में भारत–बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की कोशिश को नाकाम करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक अज्ञात व्यक्ति को मार गिराया और इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया। यह घटना शुक्रवार तड़के दार्जिलिंग जिले के खालपारा गांव के पास हुई। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 15 से 20 बांग्लादेशी बदमाशों के एक समूह ने अवैध रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में काफी अंदर तक प्रवेश कर लिया था। प्रवक्ता ने बताया कि इन लोगों की मवेशियों और प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी के लिए भारतीय क्षेत्र के बदमाशों से साठगांठ है।

उन्होंने बताया कि जब बीएसएफ के गश्ती दल ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो सभी बदमाशों ने धारदार हथियार और लाठियों से हमला कर दिया, उन्होंने पथराव भी किया। बदमाशों ने एक जवान से उसका हथियार छीनने की कोशिश की। प्रवक्ता ने कहा, अपनी जान को खतरा महसूस करते हुए जवान ने अपनी राइफल से गोली चलाई और बदमाश भाग गए। उन्होंने बताया कि बीएसएफ का एक जवान बुरी तरह घायल हो गया और एक अज्ञात व्यक्ति का शव मौके पर मिला। उन्होंने बताया कि बांग्लादेशी तस्करों ने सीमा पर लगी सुरक्षा बाड़ को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

## ईडी की फाल्कन घोटाले में बड़ी कार्रवाई, आरोपी अमरदीप का 14 करोड़ का विमान किया जब्त

» 850 करोड़ रु. के फाल्कन घोटाले का मुख्य आरोपी है अमरदीप



**स्वतंत्र चेतना**

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 850 करोड़ रुपये के फाल्कन घोटाले के मुख्य आरोपी अमरदीप कुमार के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर खड़े अमरदीप के एक निजी विमान को ईडी ने जब्त कर लिया है। इस विमान की कीमत 14 करोड़ रुपये बताई जा रही है, जिसे पिछले साल अमरदीप ने कथित रूप से घोटाले के पैसों से खरीदा था।

ईडी की कार्रवाई से अवगत अधिकारियों के अनुसार, अमरदीप और उसके एक साथी ने 22 जनवरी को दुबई भागने के लिए विमान का इस्तेमाल किया था। जांच एजेंसी ईडी ने पुष्टि की है कि अमरदीप ही इस विमान का मालिक है, जिसे उसने 16 लाख डॉलर (करीब 14 करोड़) में वर्ष 2024 में प्रेस्टीज जेट्स इंक के जरिये खरीदा था। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, फाल्कन ग्रुप की पोंजी योजना का उपयोग जेट खरीदने में किया गया।

शुक्रवार को हैदराबाद एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद आठ सीटों वाले इस निजी विमान को जब्त करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान ईडी अधिकारियों ने विमान के चालक दल और अमरदीप के कुछ करीबी सहयोगियों के बयान भी दर्ज किए। जांच एजेंसी ने सीमा शुल्क विभाग से विमान की आवाजाही के बारे में सामान्य घोषणा मांगी थी, जिसके बाद पता चला कि अमरदीप एक अन्य व्यक्ति के साथ 22 जनवरी को इसी विमान से देश से बाहर चला गया था।

आरोप है कि फाल्कन ग्रुप ने धोखाधड़ीपूर्ण इनवॉइस डिस्काउंटिंग निवेश योजना के माध्यम से उच्च रिटर्न का वादा करके निवेशकों से 1700 करोड़ रुपये जमा किए थे। एकत्रित कुल धनराशि में से 850 करोड़ रुपये वापस कर दिए गए, लेकिन 6,979 निवेशकों को भुगतान नहीं किया गया।

## 25 हजार के इनामी हिजबुल आतंकी को एटीएस ने दबोचा

» पाकिस्तान में ली थी ट्रेनिंग,जम्मू–कश्मीर में कई केस दर्ज



**स्वतंत्र चेतना**

मुरादाबाद। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) और कटघर पुलिस की संयुक्त टीम ने हिजबुल मुजाहिद्दीन के फरार आतंकी उल्फत हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। 18 वर्षों से फरार आतंकी पर 25 हजार का इनाम घोषित था। उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम उर्फ अफजाल उर्फ परवेज उर्फ हुसैन मलिक, निवासी फजलाबाद, सूरनकोट, पुंछ (जम्मू–कश्मीर) वर्ष 2001 में मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था।

उसके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुए थे। इस मामले में उल्फत हुसैन के खिलाफ 307 आईपीसी, आर्म्स एक्ट, पोटा और क्रिमिनल लॉ एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए गए थे। वर्ष 2015 में उसके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इसके बाद वह फरार हो गया था। दो मार्च को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था।

एटीएस की जांच में सामने आया कि उल्फत हुसैन ने 1999–2000 में आतंकी ट्रेनिंग ली थी। इसके बाद वह मुरादाबाद आया था और किसी बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। उसके पास से बरामद हथियार और विस्फोटक पाकिस्तान से लाए गए थे।

## यूपी में जल्द तैनात होंगी 21 हजार आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां

» मुख्यमंत्री के निर्देश की जा रही भर्ती,आवेदकों के प्रमाण पत्रों की भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया जारी

**स्वतंत्र चेतना**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जल्द ही 21 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी जिम्मेदारियां संभाल लेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में 21,547 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग इस प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। भर्ती के लिए विकसित पोर्टल पर अब तक 6.69 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। ऑनलाइन सत्यापन और भौतिक सत्यापन के माध्यम से चयन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने की तैयारी है।

**कई जिलों में सत्यापन की प्रक्रिया पूरी**

यह भर्ती राज्य के सभी 75 जनपदों में की जा रही है। मथुरा, बस्ती, मऊ, देवरिया और बिजनौर में चयन संबंधी समस्त कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, जबकि मुरादाबाद और प्रयागराज में प्रक्रिया आंशिक रूप से पूरी हुई है। शेष 68 जनपदों में आवेदकों के प्रमाण पत्रों का शत–प्रतिशत ऑनलाइन सत्यापन पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा, 53 जनपदों में अभ्यर्थियों के अभिलेखों का भौतिक सत्यापन हो चुका है, जबकि 17 जनपदों में यह कार्य प्रगति पर है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए हैं।

**प्रमाण पत्रों का सत्यापन और भर्ती में पारदर्शिता**

भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवेदकों के प्रमाण पत्रों का ऑनलाइन और भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि चयनित कार्यकत्रियां जल्द से जल्द अपनी जिम्मेदारियों को संभाल सकें।

आंगनवाड़ी भारत में ग्रामीण मां और बच्चों के देखभाल केंद्र है। बच्चों के भूख और कुपोषण से निपटने के लिए एकीकृत बाल विकास सेवा कार्यक्रम के भाग के रूप में, 1975 में उन्हें भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था। मूल स्वास्थ्य देखभाल गतिविधियों में गर्भनिरोधक परामर्श और आपूर्ति, पोषण शिक्षा और अनुपूरक, साथ ही पूर्व–विद्यालय की गतिविधियां शामिल हैं।

## इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सरकार का फोकस क्षेत्र : वैष्णव

» सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माझा क्लस्र में 4 विनिर्माझा इकाइयों की रखी आधारशिला



**स्वतंत्र चेतना**

नयी दिल्ली। केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सरकार के लिए एक फोकस क्षेत्र बना हुआ है और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के प्रचार और अपनाने के लिए सही बुनियादी ढाँचा और पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री वैष्णव ने तेलंगाना के महबूबनगर जिले के दिवितिपल्ली में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर में चार विनिर्माण इकाइयों की आधारशिला रखी। उन्होंने इस दौरान अमरा राजा कंपनी की गीगा फैक्ट्री–1 के लिए आधारशिला रखी। लोहुम कंपनी के महत्वपूर्ण खनिजों के शोधन और बैटरी रीसाइक्लिंग के लिए भूमिपूजन किया। सेल एनर्जी के सेल केसिंग निर्माण के लिए भूमिपूजन किया और अल्टमिन की पहली एलएफपी–सीएएम गीगा फैक्ट्री की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, हम भारतीय नवाचार और विनिर्माण पहल का स्वागत करते हैं और इस प्रयास की सफलता की आशा करते हैं।

उन्होंने कहा कि देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और इसकी आपूर्ति श्रृंखला के साथ–साथ ईवी विनिर्माण को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्य के हिस्से के रूप में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने संशोधित इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर योजना को अधिसूचित किया, जिसके तहत इसने पिछले साल तेलंगाना के महबूबनगर जिले के दिविपल्ली गांव में 377.65 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर परियोजना की स्थापना के लिए मंजूरी दी थी।

अमारा राजा एडवांस्ड सेल टेक्नोलॉजीज एंकर यूनिट के रूप में कार्य कर रही है और 5 वर्षों में 9,500 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ इस ईएमसी में 16 गीगावॉट सेल विनिर्माण और 5 गीगावॉट बैटरी पैक प्लांट के साथ 262 एकड़ भूमि पर अपनी गीगा फैक्ट्री स्थापित कर रही है। इसके चालू होने के बाद, अमारा राजा गीगा कॉरिडोर से राज्य में 4,500 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार और इतनी ही संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है, जो क्षेत्र के सामाजिक–आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर 4 कंपनियों (यानी अमारा राजा, अल्टमिन, लोहाम मैटेरियल और स्केल एनर्जी) को 307.47 एकड़ भूमि आवंटित की गई है, जिसमें 10,574 करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश होगा और 19,164 (प्रत्यक्ष–5,864 और अप्रत्यक्ष–13,300) व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करने की प्रतिबद्धता है।

अमरा राजा एनर्जी एंड मोबिलिटी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जयदेव गल्ला ने कहा, शिलान्यास समारोह हमारी कंपनी और समूह के लिए एक बड़ा कदम है। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार और माननीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के सक्रिय और उद्योग समर्थक होने के लिए आभारी हैं।

# बड़े हनुमान मंदिर के भव्य कॉरिडोर के फेज-2 का निर्माण कार्य होली के बाद होगा शुरू

**बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर के फेज -2 में बनेगा मंदिर का गर्भगृह, शिखर और मण्डप**

**प्रयागराज विकास प्राधिकरण करा रहा है बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर का निर्माण**

**बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर के फेज-1 का निर्माणन जी का मंदिर**

प्रयागराज। प्रयागराज में सनातन आस्था के महापर्व के आयोजन के चलते पूरे शहर के सौंदर्यीकरण, मंदिरों के जीर्णोद्धार और गंगा नदी पर घाटों का निर्माण किया गया। इसी क्रम में सीएम योगी के मार्गदर्शन में संगम क्षेत्र में स्थित बड़े हनुमान मंदिर के भव्य कॉरिडोर का भी निर्माण किया जा रहा है। जिसके फेज-1 का निर्माण महाकुम्भ के पहले पूरा हो चुका है लेकिन महाकुम्भ के स्नान पर्वों को देखते हुए फेज-2 का कार्य महाकुम्भ के बाद करने का निर्णय लिया गया था जो कि शीघ्र ही होली के बाद शुरू हो जाएगा, जिसके तहत मंदिर के गर्भगृह और विशाल मण्डप का निर्माण होगा। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ये कार्य अगले दो से तीन महीने में पूरा कराएगा।

प्रयागराज में महाकुम्भ के आयोजन के पहले विभिन्न मंदिरों के भव्य कॉरिडोर के निर्माण का कार्य किया गया था। इसी क्रम में सीएम योगी के मार्गदर्शन में प्रयागराज विकास प्राधिकरण बड़े हनुमान मंदिर के भव्य कॉरिडोर का भी निर्माण करा रहा था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा ने बताया कि बड़े हनुमान मंदिर के कॉरिडोर की विशालता और महाकुम्भ के स्नान पर्वों के चलते कॉरिडोर का निर्माण 2 फेज में करने का निर्णय लिया गया था। जिसके तहत महाकुम्भ के पहले फेज-1 में बड़े हनुमान मंदिर के दोनों ओर विशाल द्वारों और ऊंची प्राचीरों से घिरे विशाल प्रांगण का निर्माण किया गया था। उन्होंने बताया कि मंदिर के फेज-2 का निर्माण कार्य होली के बाद शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। जिसके तहत मंदिर के गर्भगृह और विशाल मण्डप का निर्माण होगा। जो कि अगले दो से तीन महीने में पूरा किया जाना है। मंदिर के शिखर और मण्डप को रेड सैण्ड स्टोन में नक्काशी कर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिसके लिए विशेष रूप से राजस्थान से कारीगर प्रयागराज बुलाए जाएंगे।

### संगम क्षेत्र में स्थित है बड़े हनुमान जी का प्रसिद्ध मंदिर

प्रयागराज के संगम क्षेत्र में स्थित बड़े हनुमान मंदिर, प्रयागराज के प्रसिद्ध मंदिरों में एक है। महाकुम्भ के दौरान मंदिर में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। मंदिर के पुजारी सूरज पाण्डेय ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान प्रत्येक दिन मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शन का क्रम चलता रहता था।

# डीएम जौनपुर डा दिनेश चंद्र को अवमानना नोटिस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डा दिनेश चंद्र व जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी को अवमानना नोटिस जारी की है और पूछा है कि क्यों न आदेश का पालन न करने पर अवमानना कार्यवाही की जाय। याचिका की अगली सुनवाई 21अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने फिरोज अहमद की अवमानना याचिका पर दिया है।

जौनपुर : करंजाकला ब्लाक के भदेठी गांव के प्रधान के खिलाफ शिकायत की जांच को दो माह में पूरी करने का कोर्ट ने आदेश दिया था। लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद कोई प्रगति नहीं हुई।याची ने ग्राम प्रधान के खिलाफ शिकायत की। जिलाधिकारी ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को जांच सौंपी। किंतु जांच का परिणाम अभी तक नहीं निकला।याची की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने जांच दो माह में पूरी करने का आदेश दिया था।पालन न करने पर यह याचिका दायर की गई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन

**जनपद न्यायाधीश महोदय ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का किया शुभारंभ**

**राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 220537 वादो का रिकॉर्ड निस्तारण**

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन, महिलाओं को किया गया सम्मानित**



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रात: 10 बजे माननीय जनपद न्यायाधीश प्रयागराज श्री संतोष राय द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 220537 वादो का निस्तारण किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश, प्रयागराज के द्वारा 7 वाद निस्तारित किए गए। फौजदारी के कुल 12661 वादों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 15 वादो निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,प्रयागराज श्री बाल मुकुंद द्वारा 5 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी उत्तरी राम कुशल द्वारा 176 वाद व मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी दक्षिणी प्रदीप कुमार द्वारा 93 वादों का निस्तारण किया गया। रामकेश पीठासीन अधिकारी कमर्शियल कोर्ट द्वारा 11 वादों का निस्तारण किया गया।श्री विनोद कुमार चौरसिया अपर जनपद न्यायाधीश ई सी एक्ट के द्वारा विद्युत के 537 मामलों का निस्तारण किया गया। शशि कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 5224 वाद, अमित कुमार, रेलवे मजिस्ट्रेट के द्वारा 1123 वाद, श्रीमती दीक्षा वर्चुअल कोर्ट, ट्रैफिक के द्वारा कुल 8700 प्री लिटिगेशन वाद निस्तारित किए गए। राजस्व न्यायालयों के द्वारा कुल 120409 वादो का निस्तारण किया गया। बैंक के प्री लिटिगेशन के 1927 मामले में निस्तारित किए गए। दिसंबर 2024 में आयोजित लोक अदालत से इस लोक अदालत में 2594 वादों का अधिक निस्तारण हुआ है। श्री रविकांत द्वितीय नोडल अधिकारी/ एडीजे, लोग अदालत के निर्देशन में समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज जिला परियोजना कार्यालय मंफोर्डगंज प्रयागराज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर एवं नारी निकेतन खुल्दाबाद प्रयागराज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता का आयोजन श्री दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में किया गया। श्री दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नारी निकेतन में महिलाओं व बालिकाओं को उपहार देकर उन्हें सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत महिला कर्मचारियों को उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा दी गई।

# कैंसर के निदान उपचार और प्रबंधन में नवीनतम तकनीक पर केंद्रित संगोष्ठी संपन्न

**-विश्व महिला दिवस पर स्तन कैंसर जागरूकता और उपचार में एक पहल**



प्रयागराज। विश्व महिला दिवस के अवसर पर, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित स्तन कैंसर के निदान, उपचार और प्रबंधन में नवीनतम तकनीक पर केंद्रित 2025 सम्पन्न हुआ। इसमें देशभर के प्रख्यात ऑन्कोलॉजिस्ट, सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट और चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया।

इस सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, प्रो. (डॉ.) एम. एल. बी. भट्ट, प्रो. (डॉ.) एस. पी. सिंह, प्रो. (डॉ.) वत्सला मिश्रा, डॉ. अजय सक्सेना,डॉ कविता चावला आयोजक अध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र सिंह और आयोजक सचिव डॉ राधा केसरवानी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्तन कैंसर की डायग्नोसिस, आधुनिक उपचार पद्धतियों और पारस्परिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

इस सम्मेलन में स्तन कैंसर उपचार के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित सत्रों का अयोजन किया गया। पहले सत्र में स्तन कैंसर की डायग्नोसिस और अन्य पहलुओं पर चर्चा हुई, जिसमें डॉ. निष्ठा सिंह, डॉ. कचनार वर्मा और डॉ. श्रेया शुक्ला ने महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। अगले सत्र में स्तन कैंसर सर्जरी में आधुनिकतम तकनीक पर व्याख्यान दिए गए, जहाँ डॉ. प्रोबल नियोगी और डॉ.मयंक त्रिपाठी ने स्तन संरक्षण सर्जरी (इउर) और स्तन निकालने के बीच तुलना पर चर्चा की गई।

कीमोथीरेपी, इम्यूनोथीरेपी और हार्मोनल थीरेपी पर आधारित सत्र में डॉ. बी. के. मिश्रा, डॉ. अनुज गुप्ता, और डॉ. अखिल कपूर, डॉ लिंकन पुजारी ने स्तन कैंसर उपचार में हो रहे नवीनतम शोधों की जानकारी दी। रेडिएशन चिकित्सा पर आधारित सत्र में डॉ. रेशम श्रीवास्तव, डॉ. रोहिणी खुराना, और डॉ. अशुतोष मुखर्जी ने रेडिएशन थेरेपी में हो रहे तकनीकी विकास पर चर्चा की।

सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण वृद्ध महिलाओं में स्तन कैंसर के उपचार को लेकर हुआ विचार-विमर्श था। ₹क्या वृद्ध महिलाओं में स्तन कैंसर का आक्रामक इलाज किया जाना चाहिए?₹ इस विषय पर अच्छी चर्चा हुई, जिसमें वाराणसी की डॉ.अंकिता पटेल ने उपचार के पक्ष में तर्क रखे, जबकि डॉ. सुनील चौधरी ने इसके खिलाफ अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ लिंकॉन पुजारी ने भारतीय परिवेश मे स्तन कैंसर के उपचार के सार पर विचार रखे.इस सत्र को डॉ. संतोष सिंह, डॉ.अभिनव अग्रवाल, डॉ. मोहम्मद नावेद आलम, और डॉ. प्रभात पंकज खत्री ने और अधिक प्रभावी बनाया।

पैनल चर्चा में दुर्लभ स्तन कैंसर मामलों जैसे कि दोनों तरफ के स्तन में कैंसर, गर्भावस्था में स्तन कैंसर, और पुरुष स्तन कैंसर पर गहन चर्चा की गई। इस चर्चा का नेतृत्व डॉ. सुरभि गुप्ता, डॉ. राधारानी घोष, डॉ. सपन श्रीवास्तव, डॉ. मनीषा टंडन, डॉ. राजुल अभिषेक, डॉ. पुषन शर्मा, और डॉ. मानस दुबे ने किया।

सम्मेलन के अंतिम सत्र में, आयोजक सचिव डॉ राधा केशरवानी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शोधकर्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। आयोजक अध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र सिंह ने अपने समापन भाषण में स्तन कैंसर उपचार में निरंतर शोध, बहु-विषयक सहयोग, और रोगी-केंद्रित देखभाल की आवश्यकता पर जोर दिया।इस सम्मेलन में युवा शोधकर्ताओं के लिए एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सकों के द्वारा रिसर्च प्रस्तुत किए गए। इस सत्र का संचालन डॉ. आर. सी. चौरसिया, डॉ. अजीत के. चौरसिया, डॉ. अंशुल सिंह, और डॉ. सोनिया तिवारी ने किया। डॉ देव कुमार यादव और डॉ विवेक कुमार पांडेय ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और जागरूकता को बढ़ावा देना है। स्तन कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, और इस तरह के सम्मेलनों से न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में सुधार होता है, बल्कि समाज में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।

# महिला दिवस पर महिलाएं हुई नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित

प्रयागराज। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 'राज्य शिक्षा संस्थान' के 'गंगा हाल' में आन्तराष्ट्रीय महिला दिवस₹ धूम धाम से मनाया गया।मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनिता गोपेश रही और अध्यक्षता प्रेमा राय ने की।

कार्यक्रम के दौरान चार महिला सादस्यो को नारी शक्ति सम्मान से नवाजा गया। इसमें अंतराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी और कोच रही पुष्पा श्रीवास्तव को सम्मानित किया जिन्होंने पूर्व में भारत की ओर से खेलते हुए एशियन महिला हॉकी में भारत को गोल्ड मैडल दिलाया और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का और अन्य पुरुस्कार पाए।इसके अलावा अन्तराष्ट्रीय स्तर की कवित्री प्रीता बाजपेई, साहित्यकार लेखिका, कवियत्री और लगभग 50 किताबो को प्रकशित करने वाली जयश्री श्रीवास्तवा उर्फ जया मोहन और एसोसिएशन की सबसे पुरानी सदस्या कवित्री एव लेखिका प्रेमा राय को मुख्य अतिथि डॉ अनिता गोपेश एव एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व आयुक्त आर एस वर्मा द्वारा करतल ध्वनि के साथ सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम की शुरूआत डॉ सुधा प्रकाश ने गणपति वंदना गा कर की। बाद में सरस्वती पूजन विधिवत किया गया। जयश्री श्रीवस्तवा ने मां शारदे वीणा अपनी बजा दे और मैं नारी नही चिंगारी हूँ... गा कर महिलाओ में जोश भरा। किरण बाला जी ने अतिथियो का और उपस्थित सादस्यो का स्वागत किया।प्रेमा राय और राजश्री ने तुम नारी शक्ति स्वरूपा...,फरहाना सिद्दकी ने मैं भारत की नारी...₹ माधुरी मिश्रा ने तू कितनी भोली है..., सुधा प्रकाश ने सादस्यो की फरमाइश पर भजन सुनाया।सभी ने इन सब की कविताओं को बहुत सराहा और तालियों से हाल गूंजता रहा। मुख्य अतिथि प्रोफेसर( डॉ) अनिता गोपेश ने महिलाओं को बढ़ती हुई शिक्षा के साथ अपने पुराने संस्कारो से जुड़े रहने की बात पर बल दिया।उन्होंने आधुनिक समाज मे जो नव युवको और नव युवतियों में जन्म ले रही है उन्हें रोकने का अवहन किया ।प्रेमा राय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन पर स्त्रियों को किसी बात में कम नही होने की बात कही। उन्होंने कहा आज के दिन का महत्व महिलाओं की उपलब्धिया पर प्रकाश डालने का और लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है। संयुक्त राष्ट्र ने इस वर्ष की थीम ₹ करवाई में तेजी लाये₹ अर्थात लैंगिक समानता को तेजी से लेन के उद्देश्य पर जोर दिया है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डर पी के सिन्हा, उमेश शर्मा,डॉ वी के श्रीवस्तवा,आर डी कुशवाहा,सुशील श्रीवस्त्व,सर्वेश मिश्रा, वेद प्रकाश,राजेश यादव,योगेंद्र पांडे आदि बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ के बाद त्रिवेणी के पावन जल की यूपी के बाहर राज्यों में बढ़ी मांग

प्रयागराज। प्रयागराज महाकुम्भ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। इस त्रिवेणी के पावन जल की डुबकी से कोई छूट न जाय इसके लिए योगी सरकार ने अग्नि शमन विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जिलों में त्रिवेणी का पवित्र जल पहुंचाया। यूपी के सभी जिलों में त्रिवेणी का यह जल पहुंचा ही था कि अब देश के दूसरे राज्यों से लोग निजी टैंकर लेकर संगम पवित्र जल लेने पहुंच गए हैं।

### यूपी के बाहर राज्यों में बढ़ी त्रिवेणी के पावन जल की मांग

उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुम्भ के समापन के बाद प्रदेश के सभी जिलों में संगम के जल को महा प्रसाद के रूप में पहुंचाने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य महा कुम्भ आने से वंचित रह गई यूपी की जनता को त्रिवेणी के पवित्र जल से स्नान का अवसर प्रदान करना था। यूपी के अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग को यह जिम्मेदारी दी गई। महाकुम्भ के मुख्य अग्नि शमन अधिकारी प्रमोद शर्मा का कहना है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में त्रिवेणी का जल दमकल गाड़ियों के टैंकर में भरकर पहुंच चुका है। उसका वितरण भी हो गया है। उनका कहना है कि इधर यूपी के बाहर के कई राज्यों से उनके पास लोगों के फोन आ रहे हैं जिसमें उन राज्यों में भी त्रिवेणी के गंगा जल की मांग की गई है। प्रमोद शर्मा का कहना है कि शासन का निर्देश प्रदेश के अंदर गंगा जल आपूर्ति का था जिसे विभाग पूरा कर चुका है। अब निजी तौर पर अपने संसाधनों से लोग अगर गंगा जल लेने संगम आते हैं तो विभाग जल भराने में सहयोग करेगा।

### नॉर्थ ईस्ट में असम से निजी टैंकर के साथ त्रिवेणी का जल लेने संगम पहुंचे लोग

यूपी के सभी 75 जिलों में अग्नि शमन विभाग की तरफ से त्रिवेणी का पावन जल पहुंचाने का सिलसिला अभी संपन्न ही हुआ था कि नॉर्थ ईस्ट में असम से निजी टैंकर लेकर परम शिवम शिव मंदिर योगाश्रम, गुवाहाटी के संत राजा रामदास त्रिवेणी संगम पहुंच गए। सीएफओ प्रमोद शर्मा का कहना है कि राजा रामदास जी ने टैंकर में गंगा जल भरवाने में विभाग का सहयोग मांगा और उनके विभाग ने उनके टैंकरों में जल भरकर उन्हें यहां से असम के लिए रवाना कर दिया। इधर संत राजा रामदास का कहना है कि नार्थ ईस्ट के एक मात्र महामंडलेश्वर स्वामी केशव देव महाराज जी ने 40 हजार लीटर और 28 हजार लीटर की क्षमता के ये टैंकर भिजवाए हैं। उनका कहना है कि उनका खालसा प्रयागराज महाकुम्भ के मेले में स्थापित था। उनके वापस जाने के बाद नार्थ ईस्ट में उनके तमाम भक्त, साधु संत और आम लोगों ने उनसे गंगाजल का प्रसाद मांगा तो उन्होंने आने वाले शिष्यों को दो टैंकर के साथ प्रयागराज भेजा है। रामदास महाराज कहते हैं कि उनके गुरु स्वामी केशवदेव महाराज को ये प्रेरणा योगी सरकार की पहल से मिली जिसमें यूपी के सभी जिलों में फायर डिपार्टमेंट के टैंकर से जल उपलब्ध करवाया गया।

# देश के न्यायालयों में 5.20 करोड़ से अधिक केस लंबित, इससे पूरा देश प्रभावित- न्यायमूर्ति राजेश बिंदल

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से शनिवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता विधि कुंभ : ज्ञान और कौशल समागम प्रारंभ हुई। विश्वविद्यालय कैंपस स्थित प्रोफेसर ईश्वर टोपा कॉम्प्लेक्स में हुए उद्घाटन समारोह में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं, कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के आरंभ में विधि संकाय के डीन प्रो. आदेश कुमार ने मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और अध्यक्ष कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव का पुष्पगुच्छ और स्मृतिचिह्न देकर स्वागत किया। संगीत और प्रदर्शन कला विभाग के विद्यार्थियों ने डा. विशाल जैन की अगुवाई में कुलगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ।




इस मौके पर मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने महिला दिवस की बधाई दी। उन्होंने महिलाओं के समाज में योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि कुंभ में 60 करोड़ से अधिक लोग आए हैं, यह स्वयं में एक रिकार्ड है। आस्था का ऐसा सैलाब विश्व में कहीं भी देखने को नहीं मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक-एक सही कदम आपको सफलता की ओर ले जाएगा। जैसे कोर्ट को न्याय का मंदिर कहा जाता है वैसे ही इलाहाबाद विश्वविद्यालय शिक्षा का एक मंदिर है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय का अतीत गौरवशाली रहा है। यहां से निकले विद्यार्थियों ने समाज के हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है।

उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट देश का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय है। मूट कोर्ट के महत्व को बताते हुए माननीय न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कहा कि मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित हर क्षेत्र में प्रेक्टिकल को महत्व दिया जाता है। ऐसे ही विधि के विद्यार्थियों को मूट कोर्ट के साथ ही ला-ड्राफ्टिंग, जजमेंट राइटिंग, आगूर्मेंट लेखन के प्रेक्टिकल अभ्यास करवाए जाने की जरूरत है। मूट कोर्ट से विद्यार्थियों को समूह में कार्य करने की क्षमता विकसित होती है। विधि के विद्यार्थियों के लिए ला फर्म जैसे समूह में कार्य पूर्ण करने के गुण को विकसित करना होगा। उन्हांने कहा कि देश के विभिन्न कोर्ट में 5.20 करोड़ से अधिक केस पेंडिंग हैं। इससे पूरा देश प्रभावित हो रहा है। पूरे देश में 20 हजार ही जज हैं। वर्तमान के डिजिटल युग में कंपनियां हमारा डेटा इकट्ठा कर रही हैं। इसका गलत इस्तेमाल भी किया जा सकता है। तकनीक पर अधिक निर्भरता खतरनाक है। एआई के दौर में समाज के सामने चुनैतियां और बढ़ रही हैं। डिजिटल अरेस्ट और साइबर क्राइम के मामले बढ़ रहे हैं। हालांकि तकनीक का सही कार्यां में भी इस्तेमान किया जा रहा है। कोर्ट में लाइव स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन वर्चुअल कोर्ट, ई-केस फिलिंग, और वीडियो कांफ्रेंसिंग जैसी सुविधाओं नवीन तकनीक के इस्तेमाल करने के बाद ही मिल सकी हैं। उन्होंने कहा कि नए बदलते दौर में विद्यार्थियों के लिए विधि क्षेत्र में भविष्य निर्माण की अनेक संभावनाएं मिल रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तके पढ़ने की सीख दी।

### वकील को संचार कौशल में निपुण होना चाहिए : प्रो. संगीता श्रीवास्तव

कार्यक्रम की अध्यक्ष कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने न्यायमूर्ति राजेश बिंदल का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मूट कोर्ट के लिए 62 टीम ने पंजीकरण करवाना दिखाता है कि विद्यार्थियों में मूट कोर्ट को लेकर काफी उत्साह है। इविवि के विधि विभाग ने अनेक लोग दिए हैं जिन्होंने पूरे देश में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि एक वकील का जीवन चुनौतियों से भरा होता है। उसे संचार कौशल में निपुण होना चाहिए। एक वकील को अपना पक्ष तत्थों के साथ बड़ी मजबूती से रखना होता है। भारतीय उपनिषदों को पढ़कर नए विचार आते हैं, हमें उनका भी अध्ययन करना चाहिए। एक वकील को बुद्धि तत्पर होने के साथ ही नीतिगत होना भी जरूरी है। विधि के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गलतियां हमें सिखाती हैं, अपनी गलतियों को स्वीकारें और सीख लेकर बेहतर इंसान बनें।

### विधि विभाग के पूर्व शिक्षक सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान विधि संकाय के पूर्व शिक्षकों प्रो. एचओ अग्रवाल, प्रो. वीपी सिंह, प्रो. आरके खन्ना और प्रो. आरके चौबे को उच्चतम न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया।

### विधि संकाय के अध्यक्ष ने किया स्वागत

इससे पूर्व विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. आदेश कुमार ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के गौरवशाली अतीत पर प्रकाश डाला और विभाग की उपलब्धियों को ब्योरा प्र्रस्तुत किया। मूट कोर्ट सोसायटी की संयोजिका डॉ. सोनल शंकर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता की आयोजन सचिव डॉ. विजय लक्ष्मी सिंह ने मंच संचालन किया। विभाग के शिक्षक डा. अन्शुमन मिश्र, डा. अजय सिंह, डा. हरबंश यादव, डा. मुक्ता वर्मा, डा. अनुराग दीप, डा. प्रिया विजय, डा. स्मिता श्रीवास्तव, डा. रश्मि ठाकुर ने मूट कोर्ट के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

# महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को महाशगुन : सौंपे गए 51 हजार तुलसी के पौधे

प्रयागराज। महाकुम्भ में ऐतिहासिक पहल के तहत देश-विदेश से आए संतों और श्रद्धालुओं को शगुन के रूप में 51 हजार तुलसी के पौधे भेंट किए गए। पहली बार आयोजित इस नवसृजित परंपरा के तहत कल्पवासियों और श्रद्धालुओं को तुलसी, केला और जौ भेंट किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन एवं पर्यावरण विभाग के सहयोग से बड़े हनुमान मंदिर-बाघंबरी मठ की तरफ से श्रद्धालुओं को यह अमिट निशानी सौंपी गई। इसमें प्रयागराज का मशहूर लाल अमरूद, नीम, बेल, तुलसी, आम के पौधे भी संतों और श्रद्धालुओं को दिए गए। जिसे विदेशी श्रद्धालु अपने साथ ले गए। अब भारत समेत रूस, जर्मनी, फ्रांस, इजरायल, इटली की पीढ़ियों के सामने महाकुम्भ का महाप्रसाद यादगार निशानी के तौर पर हमेशा मौजूद रहेगा।

डीएफओ प्रयागराज अरविंद कुमार यादव ने बताया कि रूस, जर्मनी, फ्रांस, इजरायल और इटली से आए श्रद्धालु यहां के अमरूद, बेल, आम और तुलसी के पौधों को अपने देश ले गए। जिससे यह महाकुम्भ पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। सीएम योगी के विजन के तहत इस परंपरा को शुरू किया गया। जिसे अखाड़ों, महामंडलेश्वरों और संत समाज ने खूब सराहा।

### पहली बार महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को मिला अनोखा महाशगुन

सीएम योगी द्वारा सम्मानित सबसे कम उम्र के गंगा सेवक एवं पर्यावरणविद् मानस चिरविजय सांकृत्यायन ने कहा कि पहली बार महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को अनोखा महाशगुन मिला है। इस नई परंपरा के तहत श्रद्धालुओं को तुलसी, केला और जौ का संगम भेंट किया गया। जिसे वे हमेशा यादगार के तौर पर सुरक्षित रख सकेंगे। साथ ही आने वाली पीढ़ियां भी हमेशा इसका आनंद लेती रहेंगी।

### बड़े हनुमान मंदिर और बाघंबरी मठ से श्रद्धालुओं को विशेष प्रसाद

बड़े हनुमान मंदिर और बाघंबरी मठ से श्रद्धालुओं को विशेष प्रसाद दिया गया। श्रद्धालुओं को तुलसी, बेल, आम और लाल अमरूद के पौधे देकर एक अनोखी निशानी भेंट की गई। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की इस मुहिम से न केवल धार्मिक बल्कि पारिस्थितिक संतुलन को भी बल मिलेगा।

### आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचेगा प्रयागराज का अमरूद और बेल का स्वाद

महाकुम्भ से मिली यह अनोखी भेंट आने वाले वर्षों तक भारत और विदेशों में श्रद्धालुओं की यादों में ताजा रहेगी।

# महिला कल्याण विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

-सशक्त नारी सुरक्षित समाज विषय पर निकाली गई महिला जागरूकता रैली

प्रयागराज। राजकीय बाल गृह एवं राजकीय महिला शरणालय प्रांगण में पोस्टर/ आलेखन प्रतियोगिता और वैचारिक संगोष्ठी का किया गया आयोजन

अच्छा प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं को किया गया पुरस्कृत

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 8 मार्च को किया गया। जिसके अंतर्गत मध्यान 12:00 बजे से वन स्टाफ सेंटर प्रयागराज के प्रांगण में सशक्त नारी सुरक्षित समाज विषय पर महिला जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें लगभग 150 महिलाओं एवं बालिकाओं ने अपनी सहभागिता दी। जागरूकता रैली को श्रीमती गीता विश्वकर्मा, सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राजकीय बाल गृह एवं राजकीय महिला शरणालय प्रांगण में अपराह्न 1:30 से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पोस्टर /आलेखन प्रतियोगिता और वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थाओं के बच्चों द्वारा सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि दिनेश कुमार गौतम, माननीय सचिव, जिला विधिक प्राधिकरण, प्रयागराज एवं विशिष्ट अतिथि सुश्री शिखा चौधरी, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर ने बोर्ड द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सराहा गया तथा अच्छे प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं को पुरस्कार भी वितरित किया गया।



# डीएसए ग्राउंड में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

प्रयागराज। प्रयागराज मण्डल में डीएसए ग्राउंड में ऑल इंडिया वेटरेनस फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारम्भ 07 मार्च को किया गया। इस फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल और 09 मार्च को खेला जाएगा। इस फुटबॉल टूनार्मेंट में 8 टीमें प्रयागराज केबल, यंगस्टार वेटरन, पूर्वी कोलकाता, उत्तराखंड मास्टर्स, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, उत्तराखंड मास्टर्स, प्रयागराज मास्टर्स एवं वाराणसी वेटरन टीमें भाग ले रही हैं। 07.03.2025 आयोजित मैचों में मंडल रेल प्रबंधक ने 01 गोल एवं राकेश यादव ने 01 गोल किया। 07.03.2025 को खेले गये मैच के परिणाम निम्नांकित हैं।

# प्रधानाध्यापक व पिकअप चालक की दुर्घटना में हुई मौत

स्वतंत्र चेतना

पट्टी, प्रतापगढ़। ससुराल जाते समय अचानक कार पलटने से जहां प्रधानाध्यापक की मौत हो गई वहीं प्रयागराज से आलू लादकर पट्टी की तरफ जा रही पिकअप डाला अचानक महुआ के पेड़ से टकराने पर चालक की मौत हो गई। वहीं खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गजरिया गांव निवासी सत्यनारायण सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय शेषपुर अठगवा गांव में प्रधानाध्यापक पद पर थे। वह इसी 31 मार्च को रिटायर होते। शनिवार सुबह अपनी निजी कार से ससुराल जा रहे थे कि अचानक सुजानगंज थाना क्षेत्र के भुईधरा गांव के पास अचानक कार पलटने से उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना मृतक

### सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को लिया कब्जे में

प्रधानाध्यापक के घर दी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक के एक बेटा व दो बेटियां हैं। इधर प्रयागराज मऊआइमा से आलू लादकर पट्टी जा रही पिकप डाला किठौली जलालपुर गांव के पास महुआ के पेड़ से टकरा गई जिसमें चालक मिथुन उर्फ यशवंत पुत्र राम अधार निवासी परमेजपुर थाना मऊआइमा की मौत हो गई। तथा साथ रहे खलासी राजेश कुमार पुत्र लाल बहादुर निवासी अलीपुर थाना मऊआइमा जिला प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पट्टी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विकसित भारत का नेतृत्व देश की महिलाएं करेंगी : सुशील त्रिपाठी

### भाजपा कार्यालय पर महिला सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर एक महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुशील त्रिपाठी क्षेत्रीय महामंत्री काशी क्षेत्र सदर विधायक राजेंद्र मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर माल्यार्पण कर वंदे मातरम गीत से प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुशील त्रिपाठी ने कहा भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण को महिला सशक्तिकरण के रूप में देखती है आने वाले समय में लोकसभा विधानसभा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिलापंचायत में भी महिलाएं देश की आधी आबादी का नेतृत्व करने के लिए तैयार रहे अधिक से अधिक भारतीय जनता



भाजपा कार्यालय पर आयोजित समारोह में सम्मानित महिलाएं व पदाधिकारीगण

पार्टी से जुड़े उन्होंने सरकार की ऐसी सभी योजनाओं की चर्चा की जो महिलाओं से जुड़ी है। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा नारी शक्ति आज कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा की जिस प्रकार महिला घर को अपने सीमित संसाधनों से चलाती हैं निश्चित तौर पर जब उन्हें इस देश की बागडोर मिलेगी। इसके उपरांत विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी महिलाएं एवं बेटियों को सम्मानित करने का काम किया गया जिसमें रचना सक्सेना संवेदना ट्रस्ट, पूनमलता राज जिला क्रीड़ा अधिकारी, समृद्धि शुक्ला ताइक्वांडो, कुमारी बबीता वर्मा कुश्ती, कुमारी भविष्य मुनि सिंह स्टेट कुश्ती, विभा पाल, आयुषी सिंह स्टेट कुश्ती, कुमारी स्वाति पांडे, कुमारी लक्ष्मी पाल, संजू वर्मा आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह, ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मणपुर, मीरा गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष रानीगंज, पूनम इंसान जिला पंचायत सदस्य, सुनीता पाण्डेय, रुचि केसरवानी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, प्रतिभा सिंह क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा, राघवेंद्र शुक्ला, राजेश मिश्र राजन, बृजेश पाण्डेय गुड्डू पांडे, रजत सक्सेना, साधु दूबे, पंकज सिंह सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही। संचालन जिला महामंत्री राजेश सिंह ने किया।

# समाधान दिवस में फरियादियों का टोटा, खाली रही कुर्सियां

पट्टी, प्रतापगढ़।फरियादियों की समस्याओं के तुरंत निस्तारण के लिए लगाए जाने वाला समाधान दिवस अब औपचारिकताओं तक सिमटता दिख रहा है। शनिवार को पट्टी थाने में आयोजित समाधान दिवस में यह धुंधली तस्वीर उजागर हुई। इक्का दुक्का फरियादी तो पहुंचे लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। इससे खाली कुर्सियां दिवस का उपहास उड़ातीं दिखीं। अधिकारियों के साथ कुछ राजस्व कर्मी तो मौजूद रहे लेकिन फरियादी नहीं आए। ऐसे में समाधान दिवस की सिर्फ औपचारिकता निभाई गई।

वहीं आसपुर देवसरा थाने में थानाध्यक्ष संतोष सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बाद में एसडीएम तनवीर अहमद व सीओ मनोज कुमार रघुवंशी भी पहुंचे। इस दौरान 12 फरियादियों ने शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि 12 में से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष 10 मामलों में राजस्व कर्मियों व पुलिस की टीम गठित की गई है।

# लापता किशोर का मिला शव, कोहराम

प्रतापगढ़। दो दिन पहले लापता किशोर उजैब खान (16) वर्ष का शव मिलने से दहशत व सनसनी फैल गई। कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पुरेईश्वरनाथ निवासी किशोर का शव मिलने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा मर्चरी हाउस में मृतक के शोक संतृप्त परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की गई। परिजनों को आश्वस्त कराया गया कि त्वरित व निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त विधिक कार्यवाही की जायेगी। सूत्र बताते हैं कि मामूली विवाद में किशोर की हत्या उसके मित्रों ने की है।

# भदोही रामपुर, छात्रावास करमपुर और झांसी छात्रावास का विजय अभियान जारी

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी कुल सात मैच खेले गए। तीसरे दिन का पहला मैच भदोही और अयोध्या के बीच खेला गया। अविनाश प्रिंस और अर्पित यादव के क्रमशः एक एक गोल की मदद से भदोही ने दनादन तीन गोल कर दिए जबकि अयोध्या के खिलाड़ी गोल करने में नाकाम रहे और भदोही ने इस मैच को शून्य के मुकाबले 3 गोल से अपने नाम कर लिया।

दूसरा मैच रामपुर छात्रावास और मेजबान प्रतापगढ़ के बीच खेला गया ,रामपुर छात्रावास के खिलाड़ियों के ने शुरूआत से ही दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रियांशु के दनादन मारे गए दो गोल की मदद से मेजबान प्रतापगढ़ के शून्य के मुकाबले दो गोल से मैच जीत जीत लिया। तीसरा मैच करमपुर



और आजमगढ़ के बीच खेला गया। करमपुर के लिए रवि राजभर ने दो और सौरभ यादव ने एक गोल किया जबकि आजमगढ़ के खिलाड़ी अपना खाता भी नहीं खोल सके। दिन का चैथा मैच झांसी छात्रावास और प्रयागराज के बीच खेला गया। खेल छात्रावास झांसी के खिलाड़ियों ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए अंकित विवेक और राघवेंद्र के दो दो और प्रहलाद और अखिलेश के एक एक गोल की मदद से दनादन 8 गोल कर दिए जबकि प्रयागराज की टीम गोल मारने में नाकाम रही। इस मौके पर शिकायत निदान अधिकारी के रूप में आए जिला खेल कार्यालय बलरामपुर के क्रीड़ाधिकारी दिनेश कुमार, हॉकी प्रतापगढ़ के सचिव आजम अली, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी धर्मेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू, सूरज मिश्रा, अनवर हॉकी सोसायटी के खुर्शीद खान, जसीम खान, जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश ,कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा उपस्थित रहे। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनमलता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




मेधावियों को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी

# देश को सशक्त बनाये जाने के लिए राष्ट्रीयता का पीढ़ी को बोध कराये शिक्षा : प्रमोद तिवारी

### राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने मेधावियों की किया हौंसला आफजाई

स्वतंत्र चेतना

लालगंज प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भावी पीढ़ी को राष्ट्रीयता का बोध कराने वाली शिक्षा प्रदान कर देश को सशक्त बनाया जाना चाहिए। उन्होनें कहा कि प्रगति के वातावरण के लिए मजबूत साक्षर पीढ़ी का होना समय की सबसे बडी आवश्यकता है।

विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोगों को अपने अधिकार की सुरक्षा तथा उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष के लिए शिक्षादान से बड़ा कोई भी सामाजिक मिशन नहीं हो सकता। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने यह बातें शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि रामगंज बाजार के समीप कमला शिक्षा निकेतन में प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। उन्होनें यहां मेधावियों को बेहतर तकनीकी शिक्षा के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से कम्प्यूटर सेट तथा सोलर लाइट व हैण्डपम्प की सौगात सौंपी। सांसद प्रमोद तिवारी ने यहां विद्यालय की मेधावी अर्पिता व प्रिंस तथा वैष्णवी को मेधा सम्मान सौंपा। वहीं उन्होनें विद्यालय के नवनिर्मित शैक्षणिक भवन का भी समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र व संचालन अधिवक्ता अनिल मिश्र ने किया।प्रधानाचार्य सुरेश कुमार मिश्र ने शैक्षिक प्रगति आख्या तथा प्रबंधक उषा मिश्रा ने आभार जताया।

# दुघर्टना में बाइक सवार घायल, रेफर

लालगंज प्रतापगढ़।ईरिक्शा के असंतुलित होने से दुघर्टना में बाइक सवार को गंभीर चोटें आ गयी। चिकित्सकों ने घायल को प्रारंभिक उपचार कर लखनऊ पीजीआई रेफर कर दिया। धारूपुर शुक्लन का पुरवा निवासी गोविंद नारायण पाण्डेय बबन 55 शनिवार को दोपहर बाइक से बाजार से घर आ रहे थे। अचानक ईरिक्शा असंतुलित होकर बाइक से टकरा गया। घायल को आननफानन में परिजन इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ पीजीआई रेफर कर दिया। बबन पाण्डेय तहसील के अधिवक्ता तपन पाण्डेय के पिता हैं। यह जानकारी मिलने पर ट्रामा सेण्टर में बड़ी संख्या में साथी के पिता का कुशलक्षेम लेने वकीलों का भी भारी जमघट दिखा।

# दूसरे दिन तहसील में पसरा रहा सन्नाटा

पट्टी, प्रतापगढ़। अधिवक्ताओं के बीच हुए विवाद के बाद हुए गोली कांड के चलते तहसील में दूसरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। शुक्रवार को पट्टी तहसील में जनसुनवाई के दौरान दो अधिवक्ताओं के बीच विवाद हो गया देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गाली गलौज होने के साथ ही गोली भी चल गई। सूचना पर प्रतापगढ़ जिले के अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह के साथ भारी पुलिस बल व फोरेंसिक टीम ने जहां घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य संकलन किया वहीं देर शाम पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर नामजद आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। सुरक्षा के एहतियातन शुक्रवार की देर शाम पीएसी बल की भी तैनाती तहसील में की गई। शनिवार की सुबह माह का दूसरा शनिवार होने के चलते जहां चित्रकूट अधिवक्ता ही तहसील परिसर में घूमते नजर आए वही चांद अधिवक्ताओं को छोड़ तहसील में सन्नाटा पसरा रहा और पीएसी बल मौके पर तैनात रही। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है सुरक्षा के एहतियातन एक कंपनी पीएसी तैनात हैं स्थिति सामान्य है।

# महिलाओं के सशक्त होने से ही समाज को समग्र विकास संभव : प्रेमलता



स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मिशन शक्ति मेला और नोडल सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर विशेष जोर दिया। प्रेमलता सिंह ने कहा कि आज का दिन हमारे समाज में महिलाओं और बालिकाओं की शक्ति को मान्यता देने का है। जब तक हमारी महिलाएं और लड़कियाँ सशक्त नहीं होंगी, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम के दौरान बालिका शिक्षा से संबंधित नाटिका, प्रेरणादायक गीत, और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के बच्चों ने अपनी प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज को सम्मनित किया गया। जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) पिंटू कुमार द्वारा सभी अतिथियों बक स्वागत किया। इस मौके पर जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, पिंटू कुमार, राजीव कुमार सिंह, योगेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने शिक्षकों और बच्चों को सम्मान पत्र वितरित किए। इस सम्मान में खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शिव बहादुर मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार त्रिपाठी, गुलाबचंद, संतोष कुमार श्रीवास्तव, संजय सिंह, अमित कुमार दुबे सहित अन्य शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल गृह विज्ञान में 11000 व इंटर रसायन में 40759 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

प्रतापगढ़। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में आज प्रथम पाली में हाईस्कूल गृह विज्ञान में 11000 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस परीक्षा में 11963 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 963 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गये। इसी बेला में इंटरमीडिएट का व्यवसायिक था जिसमें 612 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें कुल 657 पंजीकृत थे जिसमें 45 अनुपस्थित हो गये। द्वितीय बेला में हाईस्कूल कम्प्यूटर में 1428 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि इंटरमीडिएट रसायन में 40759 परीक्षार्थियों ने दो सौ परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा दी। इंटरमीडिएट रसायन में 44032 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिसमें 3273 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गये। दोनों पालियों की परीक्षा में परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ एकत्र थी।

# एमएमपीजी कालेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम

### नारी शक्ति के सम्मान में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

स्वतंत्र चेतना

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय महाविद्यालय कालाकांकर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो. शिवम श्रीवास्तव ने किया और कार्यक्रम का संयोजन प्रो .रेखा सिंह ने किया।

कार्यक्रम की शुभारंभ महिला शिक्षिकाओं को टीका करके अभिनंदन बैज लगाकर और माल्यार्पण करके सम्मानित करने के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। डा प्रीति सिंह ने कार्यक्रम की थीम कार्यवाही में तेजी लाओ पर विस्तार से बात की, जिसमें उन्होंने महिलाओं के लिए बेहतर कार्य परिस्थितियों और समानता की आवश्यकता को उजागर किया। इसके बाद प्रो रेखा सिंह ने महादेवी वर्मा जी की यामा पंक्तियों को गाकर महिलाओं




डिग्री कालेज कालाकांकर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्टाफगण

की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस दौरान डा ज्योति गुप्ता, डा विनीता सिंह, डा उमा सिंह, विवेक कुमार यादव, दिव्या सिंह व शशांक शुक्ला ने भी अपने विचार रखे। अंत में प्राचार्य प्रो. शिवम श्रीवास्तव ने महिलाओं के प्रति अपने विचार प्रकट किए और उनके संघर्षों और योगदान की सराहना किया। संचालन डॉ. निहारिका मिश्रा ने किया। उधर कुंडा तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत रैयापुर के बसनी का पुरवा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें महिला स्वावलंबन प्रशिक्षण संस्थान की प्रबंधिका रीनू यादव ने ग्रामीण महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी का सम्मान सर्वोपरि है। अजय यादव ने महिलाओं के हित और कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान रानी देवी, श्रेया, सृष्टि यादव, संस्कृति यादव आदि पदाधिकारी एवं ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही।

# नारी है तो परिवार है, सुंदर जीवन का आधार है

स्वतंत्र चेतना

लालगंज, प्रतापगढ़। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्कूल के छात्रों ने गांव-गांव रैली निकाली। बच्चों ने नारों के माध्यम से नारी के अधिकारों को बताते हुए उन्हें जागरूक किया। स्थानीय विकास खंड के कंपोजिट स्कूल सरायजानमती में जागरूकता रैली का आयोजन हुआ।

महिलाओं को आगे लाओ, देश को आगे बढ़ाओ तथा शिक्षित नारी शिक्षित समाज, इसी से होगा देश का विकास। नारी है तो परिवार है, सुंदर जीवन का आधार है। हर महिला है दुर्गा का रूप, यह बदलेगी देश का स्वरूप समेत अन्य नारे लगाते हुए विद्यालय की छात्र-छात्राएं गांव में रैली निकाली। बच्चों ने ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका आशा रानी, सहायक अध्यापक संजीव द्विवेदी, प्रदीप सिंह, संजय कुमारी, कुबेर जायसवाल आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भी महिला अधिकार जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय की महिला अभिभावकों एवं अन्य महिलाओं को संबोधित करते हुए वार्डेन वंदना पाण्डेय ने कहा कि अगर हम समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा,यही नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कामना उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर पूनम मिश्रा, सादमा सिद्दीकी, प्रज्ञा शुक्ला, नेहा, दीपमाला, अनामिका वर्मा आदि उपस्थित रहीं।



# धूमधाम से मना खाटू नरेश श्याम बाबा का वार्षिक फागुन

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी खाटू नरेश श्याम बाबा का वार्षिक फागुन उत्सव मनाया गया। गोपाल मंदिर से खाटू श्याम बाबा के नाम का निशान लेकर शहर में गाजे बाजे के साथ यात्रा निकाली गयी जिसमें सभी लोगों ने गुलाल से होली खेली। यात्रा गोपाल मंदिर से होते हुए किशोरी सदन में समाप्त हुई।



यात्रा में जनपद के सभी श्याम प्रेमी शामिल हुए। श्याम सखी मंडल की महिलाओं का विशेष योगदान रहा। यात्रा में महिला मंडल की तरफ से रेखा गोयल, सुधा अग्रवाल, अर्चना खंडेलवाल, स्मृति खंडेलवाल, मिली खंडेलवाल, अलका अग्रवाल, इंदिरा अग्रवाल, पूजा मित्तल, मधु तुलस्यान, नीलम तुलस्यान, ज्योति खंडेलवाल, जया खंडेलवाल, मनीषा अग्रवाल, निधि मातनहेलिया, निधि अग्रवाल, साधना खंडेलवाल, सुनीता खंडेलवाल आदि व संरक्षक महिला मंडल में पार्वती देवी गोयल, सुधा तुलसियान, भगवती अग्रवाल एवं श्याम मंडल के कार्यकताओं में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील गोयल राजेश खंडेलवाल, अभय खंडेलवाल, मनोज खंडेलवाल सहित बच्चों ने यात्रा में शामिल होकर खाटू श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## देश में सोलर कार पर काम...




**वाराणसी** में आईआईटी, बीएचयू के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने एक सोलर कार तैयार की है। यह सोलर कार ईंधन तो बचाएगी ही, साथ ही इसमें एसी भी चलाया जा सकेगा। हालांकि एसी को कम समय के लिए ही चलाया जा सकेगा। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही यह कार बाजार में उपलब्ध हो सकेगी। अभी कार की इलेक्ट्रिक प्रणाली को सौर ऊर्जा पैनल से जोड़ा गया है। कार की छत पर लगाया गया सौर ऊर्जा पैनल इसकी बैटरियों को ऊर्जा देगा। यह प्रोजेक्ट टाटा मोटर्स के सहयोग से चलाया जा रहा है। सोलर पैनल छत पर लगे होने के कारण कार के अंदर गर्मी नहीं होगी। एक बार एसी चलाकर थोड़ी देर में इसे बंद कर दिया जाय तो कार में काफी देर तक ठंडक बनी रहेगी। एक कार को कम से कम 400 किलोवाट ऊर्जा की जरूरत होगी। फिलहाल सौर ऊर्जा से करीब 180 वाट ऊर्जा ही मिल रही है। ऐसे में बाकी की ऊर्जा के लिए डीजल और बायो डीजल के मिश्रण का इस्तेमाल होगा।

## धार्मिक दृष्टि से आहार...



**शारीरिक** और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आहार का सेवन किया जाता है। धार्मिक दृष्टि से आहार शुद्ध और पवित्र होना आवश्यक है। उपनिषदों में कहा गया है कि 'जैसा अन्न वैसा मन' अर्थात हम जैसा भोजन करते हैं, उसी के अनुसार हमारा मानसिक विकास होता है। शुद्ध एवं उचित आहार भगवान की उपासना का एक अंग है। भोजन करते समय किसी भी अपवित्र खाद्य पदार्थ को ग्रहण करना निषिद्ध है। यही कारण है कि भोजन करने से पूर्व भगवान को भोग लगाने का विधान है जिससे कि हम केवल शुद्ध और उचित आहार ही ग्रहण करें। श्रीमदभगवद् गीता के सत्रहवें अध्याय में भोजन के तीन प्रकारों सात्विक, राजसिक एवं तामसिक का उल्लेख मिलता है। सात्विक आहार शरीर के लिए लाभकारी होते हैं और आयु, गुण, बल, आरोग्य तथा सुख की वृद्धि करते हैं। इस प्रकार के आहार में गौ घृत, गौ दुग्ध, मक्खन, बादाम, काजू, किशमिश आदि मुख्य हैं। राजसिक भोजन कड़वे, खट्टे, नमकीन, गर्म, तीखे व रुखे होते हैं। इसके सेवन से शरीर में दुख, शोक, रोग आदि उत्पन्न होने लगते हैं। इमली अमचूर, नींबू, छाछ, लाल मिर्च, राई जैसे आहार राजसिक प्रकृति के माने गए हैं। तामसिक भोजन किसी भी दृष्टि से शरीर के लिए लाभकारी नहीं होते। बासी, सड़े-गले, दुर्गंध युक्त, जूठे, अपवित्र और त्याज्य आहार तामस भोजन के अंतर्गत माने जाते हैं। श्रीमद्भागवद गीता के अनुसार सात्विक भोजन करने वाला दैवी सम्पत्ति का स्वामी होता है।

## रसोई और वास्तु...



**घर** के महत्वपूर्ण हिस्सों में से रसोई भी एक है। अगर इस भाग में वास्तुदोष हो तो घर में रहने वाले लोगों की सेहत और कमाई पर वह अपना बुरा प्रभाव डालता है। रसोई व्यवस्थित, शुद्ध और साफ-सुथरी होनी चाहिए। ऐसी रसोई में देवी-देवता अपना स्थाई वास बना लेते हैं जिससे घर में कभी भी धन और सुख-समृद्धि की कमी नहीं रहती। रसोई में मंदिर बनाने से पारिवारिक सदस्यों के स्वभाव में गुस्सा और असहनशीलता आती है। रसोई में स्टोर बनाने से जॉब अथवा व्यापार में तरक्की नहीं हो पाती। जिस घर में रसोई और वॉशरूम एक सीध में हो वहां के सदस्यों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं रहती हैं। बेटियों के जीवन में भी अशांति रहती है। मुख्यद्वार के बिल्कुल सामने किचन का होना अपशगुन का प्रतीक होता है। बिना नहाए रसोई में जाने से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। रसोई का इंटीरियर वास्तु के अनुसार सेट न किया हो तो सेहत और कमाई के साधनों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। दक्षिण-पूर्व दिशा में बना किचन अन्न-धन के भंडार भरता है। सिंक को रसोई के उत्तर-पूर्व में बनवाएं। जल और अग्नि में वैर भाव होता है इसलिए सिंक और चूल्हे को एक सीध में नहीं रखना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को दक्षिण पूर्व अथवा दक्षिण दिशा में रखना चाहिए। गैस स्टोव और इंडक्शन चूल्हे को दक्षिण पूर्व दिशा में रखें, दीवार से कम से कम 3 इंच की दूरी होनी चाहिए और चूल्हे के ऊपर शेल्फ नहीं होनी चाहिए।



> ईश्वर विश्वास पर ही मानव प्रगति का इतिहास टिका हुआ है। जब यह डगमगा जाता है तो व्यक्ति इधर-उधर हाथ पांव फेंकता विक्षुब्ध मनः स्थिति को प्राप्त होता दिखाई देता है। ईश्वर चेतना की वह शक्ति है जो ब्रह्माण्ड के भीतर और बाहर जो कुछ है, उस सब में व्याप्त है। उसके अगणित क्रिया कलाप हैं जिनमें एक कार्य इस प्रकृति का- विश्व व्यवस्था का संचालन भी है। संचालक होते हुए भी वह दिखाई नहीं देता क्योंकि वह सर्वव्यापी सर्वनियंत्रक है । इसी गुत्थी के कारण कि वह दिखाई क्यों नहीं देता, एक प्रश्न साधारण मानव के मन में उठता है- ईश्वर कौन है, कहां है, कैसा है ?

# ईश्वर कौन है, कहां है, कैसा है?

**मात्र** सृष्टि संचालन ही ईश्वर का काम नहीं है चूंकि हमारा संबंध उसके साथ इसी सीमा तक है, अपनी मान्यता यही है कि वह इसी क्रिया-प्रक्रिया में निरत रहता होगा, अतः उसे दिखाई भी देना चाहिए। मनुष्य की यह आकांक्षा एक बाल कौतुक ही कही जानी चाहिए क्योंकि अचिन्त्य, अगोचर, अगम्य परमात्मा- पर ब्रह्म- ब्राह्मी चेतना के रूप में अपने ऐश्वर्यशाली रूप में सारे ब्रह्माण्ड में, इको सिस्टम के कण-कण में व्याप्त है। ईश्वर कैसा है व कौन है, यह जानने के लिए हमें उसे सबसे पहले आत्मविश्वास- सुदृढ़ आत्म-बल के रूप में अपने भीतर ही खोजना होगा। ईश्वर सद्गुणों का- सत्प्रवृत्तियों का- श्रेष्ठताओं का समुच्चय है जो अपने अंदर जिस परिमाण में जितना इन सद्गुणों को उतारता चला जाता है, वह उतना ही ईश्वरत्व से अभिपूरित होता चला जाता है। ईश्वर रसो वैसैः के रूप में भी विद्यमान है तथा वेदान्त के तत्त्वमसि, अयमात्मा ब्रह्म के रूप में भी। व्यक्तित्व के स्तर को जीवो ब्रह्मैव नापरः की उक्ति के अनुसार परिष्कात कर परमहंस- स्थित प्रज्ञ की स्थिति प्राप्त कर आत्म साक्षात्कार कर लेना ही ईश्वर दर्शन है-आत्म साक्षात्कार है- जीवन्मुक्त स्थिति है।

### भ्रांतियां भी कम नहीं

ईश्वर के संबंध में भ्रांतियां भी कम नहीं हैं। बालबुद्धि के लोग कशाय कल्मषों को धोकर साधना के राज- मार्ग पर चलने को एक झंझट मानकर सस्ती पगडंडी का मार्ग खोजते हैं। उन्हें वही शार्टकट पसन्द आता है। वे सोचते हैं कि दृष्टिकोण को घटिया बनाए रखकर भी थोड़ा बहुत पूजा उपचार करके ईश्वर को प्रसन्न भी किया जा सकता है व ईश्वर विश्वास का दिखावा भी। जबकि ऐसा नहीं है। उपासना, साधना, आराधना की त्रिविध राह पर चल कर ही ईश्वर दर्शन संभव है। ईश्वर कौन है, कैसा है- यह जान लेने पर, वह भी रोजमर्रा के उदाहरणों से विज्ञान सम्मत शैली द्वारा समझ लेने पर किसी को भी कोई संशय नहीं रह जाता कि आस्तिकता का तत्त्व दर्शन ही सही है। यह इसलिए भी जरूरी है कि ईश्वर विश्वास यदि धरती पर नहीं होगा तो समाज में अनीति मूलक मान्यताओं, वर्जनाओं को लांघकर किए गए दुष्कर्म का ही बाहुल्य चारों ओर होगा, कर्मफल से फिर कोई डरेगा नहीं और चारों ओर नरपशु, नरकीटकों का या जिसकी लाठी उसकी भैंस का शासन नजर आएगा।

### कर्मों के प्रति सजगता

अपने कर्मों के प्रति व्यक्ति सजग रहे, इसीलिए ईश्वर विश्वास जरूरी है। कर्मों के फल को उसी को अर्पण कर उसी के निमित्त मनुष्य कार्य करता रहे, यही ईश्वर की इच्छा है। ईश्वर शब्द बड़ा अभव्यंजनात्मक है। सारी सृष्टि में जिसका ऐश्वर्य छाया पड़ा हो, चारों ओर जिसका सौंदर्य दिखाई देता हो- सृष्टि के हर कण में उसकी झांकी देखी जा सकती हो, वह कितना ऐश्वर्यशाली होगा इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसीलिए उसे अचिन्त्य बताया गया है। इस सृष्टि में यदि हर वस्तु का कोई निमित्त कारण है- कर्ता है, तो वह ईश्वर है। वह बाजीगर की तरह अपनी सारी कठपुतलियों को नचाया करता है व ऊपर से बैठकर तमाशा देखता रहता है। यही पर ब्रह्म- ब्राह्मी चेतना जिसे हर श्वास में हर कार्य में, हर पल अनुभव किया जा सकता है- सही अर्थों में ईश्वर है। प्राणों के समुच्चय को जिस प्रकार महाप्राण कहते हैं, ऐसे ही आत्माओं के समुच्चय को- सर्वोच्च सर्वोत्कृष्टता को- हम सब के परमपिता को परमात्मा कहते हैं।



### नास्तिकवाद का कथन

नास्तिकवाद का कथन यह है कि इस संसार में ईश्वर नाम की कोई वस्तु नहीं क्योंकि उसका अस्तित्व प्रत्यक्ष उपकरणों से सिद्ध नहीं होता। अनीश्वरवादियों की मान्यता है कि जो कुछ प्रत्यक्ष है, जो कुछ विज्ञान- सम्मत है केवल वही सत्य है। चूंकि वैज्ञानिक आधार पर ईश्वर की सत्ता का प्रमाण नहीं मिलता इसलिए उसे क्यों मानें? इस प्रतिपादन पर विचार करते हुए हमें यह सोचना होगा कि अब तक जितना वैज्ञानिक विकास हुआ है क्या वह पूर्ण है? क्या उसने सृष्टि के समस्त रहस्यों का पता लगा लिया है? यदि विज्ञान को पूर्णता प्राप्त हो गई होती तो शोध कार्यों में दिन- रात माथापच्ची करने की वैज्ञानिकों को क्या आवश्यकता रह गई होती? बात यह है कि विज्ञान का अभी अत्यल्प विकास हुआ है। उसे अभी बहुत कुछ जानना बाकी है। कुछ समय पहले तक भाप, बिजली, पेट्रोल, एटम, ईथर आदि की शक्तियों का कौन जानता था, पर जैसे- जैसे विज्ञान में प्रौढ़ता आती गई यह शक्तियां खोज निकाली गईं। यही जड़ जगत की खोज है। चेतन जगत सम्बन्धी खोज तो अभी प्रारंभिक अवस्था में ही है।

### हमारे साधन ही स्वल्प

बाह्य मन और अंतर्मन की गतिविधियों को शोध से ही अभी आगे बढ़ सकना संभव नहीं है। यदि हम अधीर न हों तो आगे चलकर जब चेतन जगत के मूल तत्त्वों पर विचार कर सकने की क्षमता मिलेगी तो आत्मा और परमात्मा का अस्तित्व भी प्रामाणिक होगा। ईश्वर अप्रामाणिक नहीं है। हमारे साधन ही स्वल्प हैं जिनके आधार पर अभी उस तत्व का प्रत्यक्षीकरण संभव नहीं हो पा रहा है। जब साम्यवादी विचारधारा का जन्म हुआ था तब वैज्ञानिक विकास बहुत स्वल्प मात्रा में हो पाया था। उन दिनों सृष्टि के अंतराल में काम करने वाली चेतन सत्ता का प्रमाण पा सकना अविकसित विज्ञान के लिए कठिन था, पर अब तो बादल बहुत कुछ साफ हो गए हैं। वैज्ञानिक प्रगति के साथ- साथ मनीषियों के लिए चेतन- सत्ता का प्रतिपादन कुछ कठिन नहीं रहा था। आधुनिक विज्ञानवेत्ता ऐसी संभावना प्रकट करने लगे हैं कि निकट भविष्य में ईश्वर का अस्तित्व वैज्ञानिक आधार पर भी प्रामाणिक हो सकेगा। जो आधार विज्ञान को अभी प्राप्त हो सके हैं वे अपनी अपूर्णता के कारण आज ईश्वर का प्रतिपादन कर सकने में समर्थ भले ही न हों पर उनकी संभावना से इंकार कर सकना उनके लिए भी शक्य नहीं है।

### क्या कहते हैं वैज्ञानिक

सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक रिचार्डन से लिखा है-विश्व की अगणित समस्याओं तथा मानव की मानसिक प्रतिक्रियाएं वैज्ञानिक साधनों, गणित तथा यन्त्रों के आधार पर हल नहीं होतीं। भौतिक विज्ञान से बाहर भी एक अत्यन्त विशाल दुरूह अज्ञात क्षेत्र रह जाता है जिसे खोजने के लिए कोई दूसरा साधन प्रयुक्त करना पड़ेगा। भले उसे अध्यात्म कहा जाय या कुछ और। वैज्ञानिक मैकब्राइट का कथन है- इस विश्व के परोक्ष में किसी ऐसी सत्ता के होने की पूरी संभावना है जो ज्ञान और इच्छायुक्त हो। डॉ. मर्डेल ने लिखा है- विभिन्न धर्म, सम्प्रदायों में ईश्वर का जैसा चित्रण किया गया है वैसा तो विज्ञान नहीं मानता पर ऐसी संभावना अवश्य है कि अणु जगत् के पीछे कोई चिंतन शक्ति काम कर रही है । इस संभावना के सत्य सिद्ध होने से ईश्वर का अस्तित्व भी प्रामाणित हो सकता है। विख्यात विज्ञानी इंगोल्ड का कथन है कि जो चेतना इस सृष्टि में काम कर रही है उसका वास्तविक स्वरूप समझने में अभी हम असमर्थ हैं। इस संबंध में हमारी वर्तमान मान्यताएं अधूरी अप्रामाणिक और असंतोषजनक है। अचेतन अणुओं के अमुक प्रकार मिश्रण से चेतन प्राणियों के काम करने वाली चेतना उत्पन्न हो जाती है यह मान्यता संदेहास्पद ही रहेगी।

### स्वीकार रहा है विज्ञान



विज्ञान अब धीरे- धीरे ईश्वर की सत्ता स्वीकार करने की स्थिति में पहुंचता जा रहा है। जान अटुअर्ट मिल का कथन सचाई के बहुत निकट है कि विश्व की रचना में प्रयुक्त हुई नियमबद्धता और बुद्धिमत्ता को देखते हुए ईश्वर की सत्ता स्वीकार की जा सकती है। कान्ट, मिल, हेल्स, होल्टज, लांग, हक्सले, कम्टे आदि वैज्ञानिकों ने ईश्वर की असिद्धि के बारे में जो कुछ लिखा है वह बहुत पुराना हो गया, उनकी ये युक्तियां जिनके आधार पर ईश्वर का खंडन किया जाया करता था अब असामयिक होती जाती हैं। डॉ. पिलन्ट ने अपनी पुस्तक थीइज्म में इन युक्तियों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण में ही खण्डन करके रख दिया है। भौतिक विज्ञान का विकास आज आशाजनक मात्रा में हो चुका है। यदि विज्ञान की यह मान्यता सत्य होती कि अमुक प्रकार के अणुओं के अमुक मात्रा में मिलने से चेतना उत्पन्न होती है। तो उसे प्रयोगशालाओं में प्रामाणित किया गया होता। कोई कृत्रिम चेतन प्राणी अवश्य पैदा कर ली गई होती अथवा मृत शरीरों को जीवित कर लिया गया होता। यदि वस्तुतः अणुओं के सम्मिश्रण पर ही चेतना का आधार रहा होता तो मृत्यु पर नियंत्रण करना मनुष्य के वश से बाहर की बात न होती। शरीरों में अमुक प्रकार के अणुओं को प्रवेश कर देना तो विज्ञान के लिए कोई बड़ी बात नहीं है। यदि नया शरीर न भी बन सके तो जीवित शरीरों को मरने से बचा सकना तो अणु विशेषज्ञों के लिए सरल होना ही चाहिए था।

### मान्यता बदलनी पड़ती है

विज्ञान का क्रमिक विकास हो रहा है। उसे अपनी मान्यताओं को समय-समय पर बदलना पड़ता है। कुछ दिन पहले तक वैज्ञानिक पृथ्वी की आयु केवल सात लाख वर्ष मानते थे और भारतीय ज्योतिर्विदों की उस उक्ति का उपहास उड़ाते थे जिसके अनुसार पृथ्वी की आयु एक अरब 67 करोड़ वर्ष मानी गई है। अब रेडियम धातु तथा यूरेनियम नामक पदार्थ के आधार पर जो शोध हुए हैं उससे पृथ्वी की आयु लगभग दो अरब वर्ष सिद्ध हो रही है और वैज्ञानिकों को अपनी पूर्व मान्यताओं को बदलना पड़ रहा है।

# रमजान और खजूर का नाता...

**रमजान** का महीना हो और रोजा इफ्तार में खजूर न हो ऐसा नहीं हो सकता। रमजान में खजूर का बड़ा महत्व होता है। इफ्तार में खजूर खाना सुन्नत माना जाता है। मुस्लिम धर्मावलंबी इन दिनों दिनभर रोजा रखने के बाद शाम को इफ्तार के समय फल और हल्के पदार्थों का सेवन करते है लेकिन इस समय खजूर से रोजा इफ्तार करना बड़ा पवित्र माना जाता है। मदीने की खजूर अजूआ और अंबर रोजेदारों के बीच बड़ी पसंदीदा है। अजूआ खजूर के बारे में कहा जाता है कि 1400 साल पहले इसका पौधा पैगंबर साहब ने अपने हाथों से लगाया था। उसी की नस्ल आज तक मदीना में कायम है। यह खजूर अब दुनियाभर में लोगों की पसंद बन चुका है। अंबर खजूर को भी मदीना की खास



खजूर में माना जाता है। पवित्र कुरआन में कई बार उन उपकारों और मेहरबानियों की चर्चा की गई है जो फलों की सूरत में मनुष्य को प्रदान किए गए हैं। उन फलों में यूं तो अंगूर, अंजीर, अनार और जैतून का वर्णन बार-बार आया है, लेकिन कुरआन में जिस फल और दरख्त का उदाहरण सबसे ज्यादा दिया गया है वह खजूर है। इसका वर्णन नख़्ल और नखील के नाम से बीस बार कुरआन-ए-करीम में किया गया है। खजूर की किस्मों और उसकी गुठलियों वगैरह का वर्णन भी कुरआन पाक में अलग-अलग नामों से किया गया है।

### अरब में खजूर

अरबी में यूं तो इसको खजूर के दरख्त को नख्ल कहते हैं और इसके फल को तमर कहा जाता है, लेकिन अरब और अफ्रीकी देशों में तमर के अलावा भी खजूर दूसरे अधिक नामों से मशहूर है। कुछ अरब मुल्कों में हिंदी शब्द खजूर और फारसी शब्द खुरमा भी काफी मशहूर हो गया है। अरब के बाजारों में खजूर अपनी किस्मों के नाम से भी बिकता है-जैसे अजवह, जाहदी, हलावी, हयाती, मजाफाती और फातमी इत्यादि।

### सभ्यता को संवारा खजूर ने

वैज्ञानिकों के अनुसार खजूर की खेती आठ हजार साल पूर्व दक्खिन इराक में शुरू की गई थी। उस समय दुनिया में कहीं भी फलदार पौधों की खेती का विचार तक नहीं था, इसीलिए समझा जाता है कि सभ्यता के बनाने और संवारने में जितना दखल खजूर का है, किसी और पौधे का नहीं है। अरबों में एक पुरानी कहावत थी कि साल में जितने दिन होते हैं, उतने ही खजूर के प्रयोग और फायदे हैं और वास्तविकता भी कुछ ऐसी ही लगती है। एक तरफ उसकी लकड़ी इमारत और फर्नीचर बनाने के काम आती है तो दूसरी ओर उसकी पत्तियों से बेशुमार चीजें तैयार की जाती हैं। खजूर की गुठलियां जानवरों के लिए उचित चारा हैं और उसके फल मनुष्य के लिए अति श्रेष्ठ आहार हैं। उसकी आहार में उपयोगिता का अनुमान उसके रसायनिक भाग से किया जा सकता है, क्योंकि उसमें लगभग साठ प्रतिशत इनवर्ट शुगर और सुक्रोज के अलावा स्टार्च, प्रोटीन सेलुलोज और फैट विभिन्न मात्रा में उपलब्ध है। इसके अलावा इसमें विटामिन-बी और विटामिन-ली भी पाए जाते हैं। इसके खनिज पदार्थ भाग भी महत्वपूर्ण हैं। यानी सोडियम, कैल्शियम, सल्फर, क्लोरीन, फास्फोरस और आयरन। आहार से भरपूर इन खजूर के फलों से शर्बत, सिरका, मिठाइयां, शकर और एक प्रकार का शीरा तैयार किया जाता है जो शहद के समान होता है।

### यह है सलाह

बुखारी शरीफ की एक हदीस के अनुसार हजरत मोहम्मद साहब ने रोजाना सुबह को सात खजूरें खाने की सलाह दी है। उन्होंने फरमाया है-सुबह नहार मुंह खजूरें (तमर) खाया करो कि ऐसा करने से पेट के कीड़े मर जाते हैं। बरनी खजूर एक उत्तम दवा है। खजूर खाने से कुलंज यानी आंतों की पीड़ा नहीं होती। नहार मुंह खाने से यह जहरों का तिरयाक यानी काट है। उजवा खजूर जन्नत से है। रात का खाना हरगिज न छोड़ों, चाहे एक मुट्ठी खजूर ही खा लो। रात का खाना छोड़ने से बुढ़ापा तारी होता है। जिस घर में खजूर हो उस घर वाले भूखे नहीं होते। जिसने सुबह मदीने की सात खजूरें (उजवा) खा लिया, वह उस दिन भर जहर और जादू से सुरक्षित रहेगा।

# अनेक गुणों से भरपूर है बैंगन



बैंगन एक बहुत ही पौष्टिक सब्जी है लेकिन कुछ लोग इसे बिना गुण वाली सब्जी मानते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से एक है और बैंगन की सब्जी नहीं खाते हैं तो आज हम आपको अवगत करवाते हैं बैंगन के ऐसे गुणों से जिन्हें जानने के बाद आपकी गलतफहमी दूर हो जाएगी।

**दिल के लिए:** धमनियों की दीवारों में कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम हो जाता है। यहां तक की खून की नसों में भी खून ठीक प्रकार से बहने लगता है।

**कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करता है:** बैंगन के सेवन से रक्त में बैंगन के सेवन से रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर गिरता है। बैंगन में पोटेशियम व मैंगनीशियम की अधिकता। बैंगन की पत्तियों के रस का सेवन करने से भी रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम किया जा सकता है।

**संक्रमण से मुक्ती:** बैंगन में विटामिन सी बहुत अच्छी मात्रा में है जो प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाता है और शरीर को संक्रमण से मुक्त रखने में मदद करता है।

**वेट लॉस:** यह आहार चर्बी को जलाता है और कैलोरी कम करता है। इसमें फाइबर होता है जिसको खाने से पेट भर जाता है और जल्द भूख नहीं लगती, तो ऐसे में वजन भी कम होता है।

**धूमपान छोड़ने में मददगार:** प्राकृतिक तरीके से धूम्रपान छोड़ना चाहते हैं तो डाइट में बैंगन का सेवन अधिक करें। निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी के तहत इसमें मौजूद निकोटिन की सीमित मात्रा धूम्रापान छोड़ने वाले लोगों के लिए मददगार हो सकती है।

**दांत का दर्द:** बैंगन का रस दांत के दर्द में लाभदायक प्रभाव दिखलाता है। अस्थमा के उपचार के लिए बैंगन की जड़ें प्रयुक्त की जाती हैं।

**रक्त की कमी:** आदिवासी चुल्हे पर भुने हुए बैंगन में थोडी सी शक्कर डालकर सुबह खाली पेट खाने की सलाह देते हैं, उनका मानना है कि ऐसा करने से शरीर में रक्त की कमी दूर हो जाती है।

**पेट की बीमारी में:** बैंगन का सूप तैयार किया जाए जिसमें हींग और लहसून भी स्वाद के अनुसार मिलाया जाए और सेवन किया जाए तो यह पेट फूलना, गैस, बदहज़मी और अपचन जैसी समस्याओं में काफी राहत देता है।

**कैंसर से बचाए:** इसमें एक तत्व पाया जाता है जो कि शरीर में कैंसर की सेल से लड़ने में सहायक होता है। अगर आप हर रोज बैंगन खाएंगे तो आपका शरीर कैंसर से लड़ने के लिए मजबूत हो जाएगा। यह खासकर पेट के कैंसर से लड़ने में सहायक है।

**अच्छी त्वचा:** बैंगन त्वचा को हाइड्रेट करता है और अंदर से नमी प्रदान करता है। तो अगर आपके बाल और त्वचा रूखे-सूखे हैं तो आप बैंगन खाना शुरु कर दीजिए।

**दिमाग के लिए:** इस पेड़ में जो न्यूट्रियन्ट्स पाए जाते हैं वह हमारे दिमाग के लिए बहुत ही अच्छे होते हैं। यह किसी भी प्रकार के नुक्सान से हमारी कोशिका की झिल्ली को बचाते हैं। यह दिमाग को फ्री रैडिक्ल से बचाता है और ब्रेन का विकास करता है।

**मधुमेह से लड़े:** हाई फाइबर और कम कार्बोहाइड्रेट के तत्व होने के कारण यह मधुमेह रोगियों के लिये बहुत अच्छा आहार है।

# महिलाओं के उत्थान एवं विकास के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार कृत संकल्पित: जिपं अध्यक्ष



स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने शनिवार को डायट मैदान परिसर में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होने डायट परिसर में उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी सुरक्षा, नारी स्वावलम्बन एवं उनके आत्म सम्मान व सुरक्षा के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान एवं उनके विकास के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार कृत संकल्पित है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाते हुए सराहनीय कार्य किया गया है। महिलायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। हर क्षेत्र में महिलाओं को सम्मान एवं स्थान दिया जा रहा है।

प्रदेश सरकार बैंक सखी के माध्यम से महिला समूहों को तेजी से बढ़ा रही है। जिसके माध्यम से महिलायें आत्म निर्भर एवं स्वावलम्बी बन रही हैं। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए महिला हेल्प डेस्क की स्थापना प्रत्येक थानों में की है, जिसमें महिलायें अपनी समस्याओं का तत्काल निस्तारण करा सकती है। केन्द्र एवं राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए प्रत्येक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी करती है। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अध्यक्षा ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अन्तर्गत लैपटाप हेतु अविका त्रिपाठी, खुशी त्रिपाठी, नैन्सी, लक्ष्मी मिश्रा को लैपटाप एवं शादी अनुदान हेतु खुशी पांडेय को एक लाख का चेक देकर सम्मानित किया। इसी तरह से इंटरमीडिएट में 14, हाईस्कूल में 10 मेधावी छात्राओं को डमी चेक देकर किया सम्मानित किया। इसी क्रम में अच्छा कार्य करने वाले अध्यापक एवं अध्यापिकायें, ऑगनबाडी कार्यकत्रिया व छात्र-छात्राओ को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्या प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि महिलायें हर चुनौती का सामना करते हुए अपने पथ पर अग्रसर होती है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, पूर्व विधायक लाल बहादुर, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुशवाहा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मंतसा बानो, डायट प्राचार्या निधि शुक्ला सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में महिलायें एवं छात्रायें उपस्थित रहीं।

## दिब्यांग महिलाओं को वितरण किया गया ट्राई साइकिल

कौशांबी। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर एवं राज्य महिला आयोग की सदस्या प्रतिभा कुशवाहा ने डायट मैदान परिसर में दिब्यांग महिलाओं को ट्राई साइकिल एवं अन्य उपकरण देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं को दिया जाये। सरकार द्वारा संचालित सभी योजनायें नि:शुल्क है, इसमें किसी को भी पैसा देने की कोई आवश्यकता नहीं है।

## मिट्टी धंसने से पलटी कार बाल-बाल बचा परिवार

स्वतंत्र चेतना

मंझनपुर, कौशांबी। महेवाघाट थानांर्गत सरसवां के पास नहर में पलटने से चार पहिया वाहन सवार चार लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है।

भारतीय जनता पार्टी के मंझनपुर के मंडल प्रभारी तिलक नारायण द्विवेदी निवासी सरसवां अपने निजी कार माता कलावती, बेटा मनीष द्विवेदी व बहु रचना के साथ चम्पहा बाजार एक शादी समारोह में गए थे। निमंत्रण से शुक्रवार की रात्रि वापस लौटते समय वह जैसे ही सरसवां स्थित जवाहरलाल इंटर कालेज के पास पहुंचे, तभी उनकी गाड़ी नहर में पलट गई। तिलक नारायण का कहना है कि नहर किनारे की पुलिया टूटी हुई थी। ऊपर से नम मिट्टी पड़ी थी। जैसे ही गाड़ी उस पर चढ़ी तो मिट्टी धंस गई और गाड़ी नहर में पलट गई।

## नशे में धुत भाइयों ने एक दूसरे पर बोला कुल्हाड़ी से हमला, एक की मौत

शव को पीएम के लिए भेजकर जांच में जुटी पुलिस, परिजनों में मचा कोहराम



स्वतंत्र चेतना

बारा, कौशांबी। सरांय अकिल थाना क्षेत्र के फैजुल्लापुर गांव में दो सगे भाइयों के बीच शुक्रवार को लाईट बल्ब को लेकर हुए विवाद में शनिवार को घायल भाई की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक के मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया है। फैजुल्लापुर गांव निवासी संतोष कुमार और गोपी शुक्रवार को घर के बाहर नशे में धुत बैठे थे। बताया जा रहा है कि इसी बीच बल्ब को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों गाली-गलौज पर उतर आए। मामला इतना बिगड़ा कि दोनों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घायल भाइयों को परिजन तुरंत मंझनपुर मेडिकल कॉलेज ले गए। गोपी की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल रेफर किया गया। जहां शनिवार को गोपी की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुन घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस कानूनी औपचारिकता पूरी करते हुए विधिक कार्यवाही में जुट गई है। वहीं, गोपी की मौत से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## हत्या कराए जाने की आशंका जाहिर कर पुलिस से शिकायत

स्वतंत्र चेतना पिपरी, कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के नूरपुर हाजीपुर गांव निवासी पवन गुप्ता पुत्र रूद्रप्रसाद का कहना है कि सरांय अकिल क्षेत्र के भगवानपुर बहुंगरा निवासी कल्लू सोशल साइट पर उसे व उसके पिता को जान से मारने की धमकी भरा पोस्ट डालता है। चार दिन पूर्व उसके पिता की हत्या कराने की नियत से प्रयागराज के झलवा में रेकी भी की गई। उसने प्राणघातक हमला कराए जाने की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। तहरीर लेकर पुलिस प्रकरण की छानबीन में जुट गई है।

# सड़क निर्माण को लेकर सैकड़ो ग्रामीणों ने निकाली पदयात्रा, बैठे क्रमिक अनशन पर



ग्रामीणों का आरोप: पिछले एक साल में कई बार अधिकारियों से कर चुके हैं सड़क निर्माण की मांग

स्वतंत्र चेतना

चायल, कौशांबी। तहसील चायल के केवट पुरवा यमुना घाट से डंपरों और ट्रको के जरिये हो रहे बालू परिवहन के कारण मोहम्मदाबाद से पुरखास तक पांच किलोमीटर सड़क जर्जर हो चुकी है। बालू लदे ट्रको से रिसने वाले पानी के कारण पूरी सड़क दलदल गई है। डेढ़ साल पहले इस सड़क को 611 लाख रुपये में निर्माण की निविदा निकाली गई थी, लेकिन आज तक सड़क निर्माण का काम नहीं शुरू हुआ है।

जिला पंचायत सदस्य साधना सिंह पटेल एवं समाजसेवी विनय सिंह पटेल का कहना है कि इस दौरान अधिकारियों से कई बार सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन वह नई तकनीक से सड़क निर्माण पर बजट में कमी बता सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। इससे केवट पुरवा, मल्हीपुर, इसीपुर, पुरखास, गडरियान का पुरवा, नंदा का पुरवा गांव के करीब 50 हजार ग्रामीण नरकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। सड़क निर्माण की मांग को लेकर समाजसेवी सैय्यद अली मेंहदी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मनीष निषाद, अभिषेक पटेल, नियाज अहमद, एहसान सिद्दीकी, छोटे लाल पाल, वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी प्रधान मल्हीपुर भगवती निषाद, पूर्व प्रधान हीरा लाल निषाद, सविता देवी प्रधान मोहम्मदाबाद, गुलफाम अहमद सहित सैकड़ो ग्रामीण प्रशासन के उदासीन रवैये से पद यात्रा निकाल केवट पुरवा में क्रमिक अनशन पर बैठ गये हैं।

## सामाजिक न्याय कि लड़ाई में फ्रैंक हुजूर हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे: तमजीद अहमद

विश्व विख्यात लेखक फ्रैंक हुजूर कि असमायिक निधन पर उनके समर्थकों में शोक की लहर

स्वतंत्र चेतना

करारी, कौशांबी। दुनिया भर में अपने लेखन के जरिये जाने जाने वाले और हाल ही में कांग्रेस ज्वाइन करने वाले फ्रैंक हुजूर की अचानक देर रात तबियत बिगड़ गई और दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता तमजीद अहमद ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि सामाजिक न्याय कि लड़ाई कि एक बेहद मजबूत कड़ी टूट गयी है। पर उनका जीवन इस लड़ाई को लड़ने वाले योद्धाओं को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में उन्होने राहुल गाँधी की सामाजिक न्याय की लड़ाई से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन किया था। सामाजिक चिंतक असरार नियाजी ने कहा उनका असमयिक निधन से उनके समर्थकों में बेहद शोक है। उनका जीवन समाजवाद की जड़ों को मजबूत करने में रहा। उनका अंतिम संस्कार आज लखनऊ में होगा।

# हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित



स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। डायट मैदान में शनिवार को हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी आठ ब्लाक के नोडल शिक्षक, नोडल शिक्षक संकुल, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कत्रियो द्वारा स्टाल में आदर्श बाल वाटिका मॉडल लर्निंग कॉर्नर लगाया गया। जिसे आने वाले सभी आगंतुक, अतिथियों ने ध्यानपूर्वक देखा समझा व अवलोकन कर इसकी प्रसंशा की।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करके हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत के पश्चात अतिथियों का स्वागत बुके देकर व बैज लगाकर किया गया। स्वागत के पश्चात बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, इसी क्रम में हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के तहत एसआरजी ओमप्रकाश द्वारा बच्चों के खेल-खेल में शिक्षा, गतिविधि आधारित शिक्षण, 12 सप्ताह के चहक कार्यक्रम पर पीपीटी के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी। एसआरजी डा. दिलीप कुमार द्वारा कक्षा एक के बच्चों का निपुण लक्ष्य एप्प से ऑनलाइन टेस्ट करके बच्चों के निपुण होने का प्रजेंटेशन दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर द्वारा महिला सशक्तीकरण पर प्रकाश डाला गया। विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्या प्रतिभा कुशवाहा द्वारा बालिकाओं के सम्मान व विकास में कार्यक्रम की भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, डायट प्राचार्या निधि शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. कमलेन्द्र कुशवाहा सहित जनपद स्तर के विभिन्न अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आठों ब्लाक के दो-दो बच्चों को पांच सौ की नगद धनराशि प्रति बच्चों को एवं स्टेशनरी पजल किट, आँगनवाड़ी कार्यकर्त्री, सुपरवाइजर, नोडल शिक्षक व नोडल शिक्षक संकुल को प्रणाम पत्र व शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी आगंतुक व अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# इंटरनेशनल साईं सेवा ट्रस्ट एवं मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन द्वारा महिला सम्मान एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को महिला सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन इंटरनेशनल साईं सेवा ट्रस्ट एवं मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन कौशांबी द्वारा किया गया।

इंटरनेशनल साई सेवा ट्रस्ट साईं धाम के ट्रस्टी वरिष्ठ अधिवक्ता केडी द्विवेदी ने जनपद के अधिवक्ताओं को सहयोग करने का आवाहन करते हुए कहा कि ट्रस्ट द्वारा सोशल जस्टिस फॉर्म के माध्यम से आठ मार्च से आठ अप्रैल तक आमजन एवं महिलाओं को विधिक जानकारी देने हेतु महिला सशक्तिकरण के उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्रामीणांचलो में जागरूकता शिविर का आयोजन किए जाने का अभियान चलाया जाएगा। इसे हर एक परिवार में प्रचारित व प्रसारित का संकल्प किया गया। मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप पांडेय ने ट्रस्ट के साथ मिलकर न्याय विभाग भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु संकल्प को दोहराया तथा महिला वादकारियों, न्यायिक अधिकारी व महिला अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशांबी की सचिव व अपर जिला पूर्णिमा प्रांजल रहीं। इस मौके पर ब्राह्मी भूषण मिश्रा, कौशलेश द्विवेदी, सुनील त्रिपाठी, विकास मिश्रा, डॉ. अरुण केसरवानी, प्रबंधक अनिल द्विवेदी आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## मामूली विवाद में ट्रक की चाबी लेकर फरार हुआ बाइक सवार

स्वतंत्र चेतना

अजुहा, कौशांबी। आदर्श नगर पंचायत अजुहा के भोला चैराहा के समीप शनिवार शाम मामूली विवाद के बाद एक बाइक सवार ट्रक की चाबी लेकर फरार हो गया। बीच सड़क पर ट्रक खड़ा होने के कारण प्रयागराज-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के एक लेन में करीब पांच किलोमीटर का जाम लग गया। इसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

अजुहा सब्जी मंडी से सब्जी लोड करने के बाद एक ट्रक स्थानीय गल्ला मंडी जा रहा था। भोला चैराहा के समीप पहुंचने पर ओवरटेकिंग को लेकर एक बाइक सवार से ट्रक चालक की कहासुनी हो गई। इसके बाद बाइक सवार ट्रक की चाभी लेकर फरार हो गया। बीच सड़क पर ट्रक खड़ा होने से हाईवे के एक लेन में जाम लग गया। कानपुर की तरफ कनवार तक और प्रयागराज की ओर लोंहदा तक करीब पांच किमी वाहनों की कतार लगी रही। जाम बढ़ने की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दूसरे वाहन से टोचेन कराकर ट्रक को किनारे कराकर आवागमन बहाल करा दिया।

# महिला सशक्तिकरण और समानता के लिए हम सभी को मिलकर करना है काम: बीरेंद्र फौजी

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ईओ समेत महिला सफाईकर्मियों, पुलिसकर्मियों व सभासदों को किया गया सम्मानित



स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नारी सुरक्षा स्वावलंबन के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान एवं विकास के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकार संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि यह अवसर हमें यह याद दिलाता है कि महिला सशक्तिकरण और समानता के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। हम गर्व महसूस करते हैं कि देश एवं नगर की महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशेष पहचान बना रही हैं। हम हमेशा महिलाओं के अधिकारों और उनके सम्मान के लिए कार्य करेंगे। महिलाओं की शक्ति को पहचानें और हर कदम पर उनका समर्थन करें। इस मौके पर उन्होंने अच्छा कार्य करने वाली महिला सफाईकर्मी एवं महिला पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नगर पालिका की ईओ प्रतिभा सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर कार्यालय में पुलिस विभाग स्वास्थ्य विभाग नगर पालिका के सम्मानित महिला सभासद एवं नगर पालिका के महिला स्वच्छता कर्मियों सहित समस्त महिलाओं को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला थाना अध्यक्ष नीलम राघव, अवर अभियंता ओमकार पटेल, लेखा लिपिक संजय कुमार गुप्ता, विजय तिवारी, रिंकू सिंह एवं सभासदगण उपस्थित रहे।

# आरएएफ ने किया बाजार में पैदल गश्त



पैदल गस्त करते जवान

चैरी, भदोही। होलिकोत्सव, होली, ईद को भयमुक्त व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराए जाने व जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शनिवार को आरएएफ के साथ पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त किया गया। साथ ही एरिया डोमिनेश कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया। इस दौरान एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन व थानाध्यक्ष चैरी के नेतृत्व में केंद्रीय बल (आरएएफ) के साथ स्थानीय पुलिस बल द्वारा परसीपुर रेलवे स्टेशन, चैरी बाजार, रोटहा मस्जिद, ममहर बाजार, रेलवे स्टेशन रोड तथा संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, बाजारों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों में फ्लैग मार्च किया गया।

## अग्रगामी महिला समिति ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

भदोही। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शनिवार को अखिल भारतीय अग्रगामी महिला समिति की कार्यकताओं ने महिलाओं से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर सीएचसी पर पहुंची। जहां पर उनके द्वारा राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के न रहने पर मुख्य लिपिबद्ध को सौंपा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रामगेना गौतम ने कहा कि आशा बहुओं, संगनियों और आंगनवाड़ी में कार्यरत महिलाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और उनका वेतन 40 हजार रुपए प्रतिमाह हो। भारत की प्रत्येक गृहस्थ महिला को 15 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाएं। मनरेगा तथा अन्य योजनाओं में श्रमिक महिलाओं की दिहाड़ी मजदूरी 700 रुपए प्रतिदिन होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी, गैर सरकारी तथा प्राइवेट संस्थानों में अध्यनरत छात्राओं को शिक्षा पर फीस से मुक्त रखा जाए और यदि किसी भी संस्थान द्वारा छात्राओं से फीस लिए जा रहे हैं तो उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान किया जाए।

# शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। महिलाओं के सामाजिक राजनीतिक आर्थिक योगदान को पहचान कराने उनके अधिकारों के प्रति रक्षा करने के प्रति जागरूकता के लिए नेवादा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाध्यापक डॉ. राम नेवाज सिंह ने बताया कि लिंग समानता, बालिकाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने, बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

बच्चों ने स्लोगन जहां नारी को सम्मान मिलेगा वही समाज आगे बढ़ेगा, नई घर की रौनक है दुनिया की रोशनी है, नारी नमन नारी सम्मान यही है असली पहचान, शक्ति प्रेम और करुणा का संगम है नारी बालिकाओं को दे शिक्षा का उजियारा पढ़ लिखकर करें रोशन जग सारा, देश है वही महान जहां मिलता नारी को सम्मान लिखकर जन जागरूक किया। इस मौके पर बबिता केसरवानी, नीलम, सरोज देवी, पवन कुमार सिंह सहित मीना मंच के पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ चित्रकला व दौड़ प्रतियोगिता

भदोही। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर के सिविल लाइन रोड पर स्थित वुडवर्ड पब्लिक स्कूल भदोही में चित्रकला और दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रिंसिपल शालिनी मेहरा व विशिष्ट अतिथि भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) के प्रो. अमिताभ चटर्जी ने फीता काटकर किया। इस दौरान शालिनी मेहरा ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। हर साल दुनिया भर में यह दिन 8 मार्च को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। ये दिन महिलाओं को समर्पित है। आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल हर क्षेत्र महिलाओं की उपस्थितियों से भरा हुआ है। यह तय की फोर्स में भी महिलाएं हैं ये दिन इन्हीं उपलब्धियों को सलाम करने का दिन है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा इस दिन का मकसद महिलाओं के अधिकारों को लेकर जागरुकता फैलाना भी है।

# पाकिस्तानी गेंदबाज ने खुलेआम मांगी माफी



**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को मुकाबला खेला गया था. इस मैच में भारतीय टीम ने एकतरफा अंदाज में बाजी मारी थी. लेकिन इस मुकाबले के दौरान पाकिस्तान के एक खिलाड़ी ने काफी अजीबोगरीब तरीके से विकेट के जश्न मनाया था. इस घटना के बाद इस खिलाड़ी को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रॉल किया गया था. ऐसे में इस खिलाड़ी ने अब अपने विकेट सेलिब्रेशन पर माफी मांग ली है.दरअसल, भारत-पाकिस्तान मैच में स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 52 गेंदों पर 46 रन की पारी खेलकर आउट हो गए थे. उन्हें पाकिस्तान स्पिनर अबरार अहमद ने बोल्ड आउट किया था. इसके बाद अबरार अहमद ने विकेट का जश्न मनाते हुए अपनी गर्दन घुमाते हुए बार-बार गिल को बाहर जाने का इशारा किया था और जोश में उनको आंखें भी दिखाई थीं. लेकिन अबरार अहमद का मानना है कि वह उनके सेलिब्रेशन का स्टाइल है. अबरार अहमद ने बातचीत में शुभमन गिल के विकेट सेलिब्रेशन पर कहा, 'वो मेरा स्टाइल है और इसमें कुछ भी गलत नहीं किया. किसी मैच अधिकारी ने भी मुझे नहीं बताया कि मैंने कुछ गलत किया है. इसके बावजूद अगर किसी को ठेस पहुंची है तो मुझे इसके लिए खेद है और मैं माफी मांगता हूं. मेरा इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था.'

# ग्रैंडमास्टर वैशाली ने संभाला पीएम का एक्स हैंडल; कहा- सपना पूरा हो... लड़कियों को प्रोत्साहित करें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने अपने वादे को ध्यान में रखते हुए घोषणा की थी कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं द्वारा संभाले जाएंगे जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शतरंज ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया अकाउंट के जरिये लोगों को खास संदेश दिया। उन्होंने महिलाओं को उनके सपनों को पूरा करने के लिए समर्थन और प्रोत्साहन देने का एक सशक्त संदेश दिया। वैशाली छह साल की उम्र से शतरंज खेल रही हैं और शतरंज की महान खिलाड़ी और ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद की बहन हैं। उन्होंने पीएम मोदी के एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर अपनी यात्रा साझा की और युवा लड़कियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने लिखा, वणक्कम! मैं वैशाली हूं और मैं हमारे प्रधानमंत्री थिरु नरेंद्र मोदी जी के सोशल मीडिया अकाउंट को संभालने को लेकर रोमांचित हूं और वह भी महिला दिवस के अवसर पर। जैसा कि आप में से बहुत से लोग जानते होंगे, मैं शतरंज खेलती हूं और मुझे कई टूर्नामेंटों में अपने प्यारे देश का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है।

# रोहित की कप्तानी में लगातार चौथा आईसीसी फाइनल खेलेगा भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में 9 मार्च को भारत का सामना दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप के रूप में एक ही खिताब जिता सके, उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार मिली।

टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। टीम ने 2013 में खिताब जीता, लेकिन 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली। अब रोहित की कप्तानी में टीम के पास 12 साल बाद इस आईसीसी खिताब को जीतने का मौका है।

### रोहित की कप्तानी में भारत का प्रदर्शन...

रोहित शर्मा ने 2 टी-20 वर्ल्ड कप, 1 वनडे वर्ल्ड कप, 1 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और 1 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की कप्तानी की। इन 5 आईसीसी टूर्नामेंट में भारत ने 30 मैच खेले, 26 जीते और महज 4 में टीम को हार मिली। हालांकि, रोहित ने जो 4 मैच गंवाए, उनमें से 3 मुकाबले नॉकआउट स्टेज में रहे। इनमें भी 2 हार फाइनल में मिलीं। केवल 1 बार उन्हें एक ही टूर्नामेंट में 2 हार मिली, यह टूर्नामेंट 2022 का टी-20 वर्ल्ड कप था। तब टीम को ग्रुप स्टेज में साउथ अफ्रीका और सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने हरा दिया था।

आईसीसी के 4 टूर्नामेंट होते हैं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, वनडे वर्ल्ड कप, टी-20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी। इनमें भारत के सबसे सफल कप्तान एमएस धोनी हैं। जिन्होंने टीम को 69त्न मैच जिताए। उनके नाम आईसीसी के 3 टाइटल भी रहे। रोहित मैच जीतने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। हालांकि, उनकी कप्तानी में टीम 1 ही टाइटल जीत सकी है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में खुद को अधिक समय देने के लिए तैयार शुभमन गिल

**दुबई, एजेंसी।** भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इस मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए कमर कस रहे हैं क्योंकि वह रविवार को अपना दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट फाइनल खेलने के लिए तैयार हैं, जब रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। अहमदाबाद में आईसीसी 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में गिल बड़ा स्कोर बनाने में विफल रहे और चार रन पर सस्ते में आउट हो गए, जिसमें भारत छह विकेट से हार गया और तीसरा टूर्नामेंट खिताब जीतने से चूक गया।हालांकि, गिल इस दिल टूटने से आगे बढ़ चुके हैं और अब अधिक परिपक्व हैं। वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज उप-कप्तान मानसिक रूप से दबाव को बेहतर ढंग से संभालने और क्रीज पर अधिक समय बिताने के लिए तैयार हैं। रविवार को न्यूजीलैंड के साथ भारत के निर्णायक मैच से पहले आईसीसी ने गिल के हवाले से कहा, जाहिर है कि उस मैच में कुछ घबराहट थी। गिल ने कहा, (मैंने) बहुत सी चीजें सीखीं। यह मेरा पहला आईसीसी फाइनल था... मैं बहुत उत्साहित था (ऐसा लगा) कि मैं उस मैच में हावी होने के लिए समय खो रहा था। मुझे लगता है कि बड़े आईसीसी नॉकआउट मैचों में, आप जितना सोचते हैं, उससे थोड़ा ज्यादा समय खुद को दे सकते हैं।

# टीम इंडिया का एक ही उसूल, अगर अच्छा नहीं खेलें तो शिकायत न करें: बल्लेबाजी कोच

**दुबई, एजेंसी।** बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने शुक्रवार को कहा कि यहां लंबे समय तक रहने से भारत को कोई फायदा नहीं हुआ और इस तरह की आलोचनाएं तभी शुरू हुई जब टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के मैच जीतने शुरू किए। भारत रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। कोटक ने भारत के नेट सत्र के दौरान यहां पत्रकारों से कहा कि मुझे समझ में नहीं आता कि हमें इस (पिच) से क्या फायदा मिलता है। जब हमने मैच जीत लिए तो लोगों को लगा कि भारत को फायदा मिला। मुझे नहीं पता कि इसके बारे में क्या कहूं। हम सिर्फ ड्रॉ के अनुसार खेले। कोटक ने कहा कि पिच की प्रकृति चाहे जो भी हो, टीम को मैच जीतने के लिए अच्छा क्रिकेट खेलना होगा।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि एक मैच में, आपको हर दिन अच्छा क्रिकेट खेलना होता है। अगर आप अच्छा नहीं खेलते हैं तो आप शिकायत नहीं कर सकते। और अगर आप अच्छा खेलते हैं तो यह कहने का कोई मतलब नहीं है कि आपको फायदा हुआ या नहीं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमें सिर्फ इसलिए फायदा मिल रहा है क्योंकि हम यहां अभ्यास कर रहे हैं और हम यहां मैच खेल रहे हैं।

कोटक ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के विचार से सहमत होते ही दोहराया कि ट्रेनिंग की सुविधा और डीआईसीएस में पिचों की प्रकृति काफी अलग थी। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से अलग-अलग विकेट पर अभ्यास करते हैं। हम थोड़ी अलग पिच पर मैच खेल रहे हैं। हम सभी यह जानते हैं। सिर्फ यही चीज है कि हम यहां खेला। लेकिन ड्रॉ ऐसा ही होता है। इसलिए इसमें और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि यहां आने के बाद उन्होंने कुछ बदल दिया और फायदा उठा लिया। कोटक ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि भारत ने कुछ दिन पहले ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड को हराने के बाद फाइनल में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल की है। सौराष्ट्र के इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि मुझे



लगता है कि हमें ऐसा नहीं सोचना चाहिए। हमें बस कोशिश करनी चाहिए और अच्छा क्रिकेट खेलना चाहिए। पिछले मैच के बारे में सोचने का कोई मतलब नहीं है। हमें सोचना होगा कि नौ मार्च को क्या करना है।

# भारत की बी-सी टीम भी पाकिस्तान को रौंद देगी: गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबान देश पाकिस्तान का सफर टूर्नामेंट में चंद दिनों के अंदर खत्म हो गया. इसके बाद से पाकिस्तान टीम को अपने ही दिगजों से आलोचना सहनी पड़ रही है. आईसीसी टूर्नामेंटों में सभी फॉर्मेट में पाकिस्तान का प्रदर्शन दोयम दर्जे का रहा है. इसके बावजूद पाकिस्तानी टीम के पूर्व हेड कोच जेसन गिलेस्पी का मानना है कि अगर सही खिलाड़ियों को चुना जाए और उनका सपोर्ट किया जाए तो वे किसी भी टीम को हराने में सक्षम हैं.

वहीं जेसन गिलेस्पी ने भारत 1ह्य पाकिस्तान मैचों में कंपटीशन की कमी पर महान भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर के कमेंट्स पर निराशा व्यक्त की है. गावस्कर ने हाल ही में दावा किया था कि दुबई में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के मुकाबले में मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली टीम की हार के बाद दूसरी या तीसरी श्रेणी की भारतीय टीम पाकिस्तान की मौजूदा वन-डे टीम के लिए खतरा बन सकती है.

गिलेस्पी ने पाकिस्तान पत्रकार साज सादिक द्वारा शेयर वीडियो में कहा- मैं इस बयानबाजी से



सहमत नहीं हूं. मैंने सुनील गावस्कर के कुछ कमेंट्स देखे, इसमें उन्होंने कहा था कि भारतीय की बी टीम या भारतीय की सी टीम पाकिस्तान की टीम टीम को हराएगी. यह बकवास है, पूरी तरह से बकवास है. अगर पाकिस्तान सही खिलाड़ियों को चुनता है और उन्हें चमकने, सीखने और अपने खेल को डेवलप करने का समय देता है, तो वे किसी को भी हरा सकते हैं. मुझे इस बारे में कोई संदेह नहीं है.

गिलेस्पी ने कहा- पाकिस्तानी खिलाड़ी प्रतिभावान हैं. आपको बस सही तरह की प्रतिभा चुननी है. आपको उनका समर्थन करना होगा और उनके साथ धैर्य रखना होगा. मेरी राय में पाकिस्तान क्रिकेट में धैर्यता की कमी है.



# न्यूजीलैंड भारत को हरा सकता है!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने रविवार (9 मार्च) को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले से पहले भारत को फेवरेट बताया है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि मेन इन ब्लू के पास मामूली बढ़त होगी, क्योंकि कीवी टीम मजबूत है। वह एकमात्र टीम है, को भारत को हरा सकती है। भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले हैं। रोहित शर्मा एंड कंपनी अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची। उसने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया। भारत से हारन के बाद न्यूजीलैंड ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहा। उसने लाहौर में दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर के साथ फाइनल में जगह बनाई। आईसीसी रिव्यू में रवि शास्त्री ने कहा, अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है तो वह न्यूजीलैंड है। इसलिए भारत फेवरेट पसंदीदा होगा, लेकिन मामूली अंतर से। शास्त्री ने न्यूजीलैंड के चार खिलाड़ियों को चुना, जो फाइनल में अंतर पैदा कर सकते हैं। उन्होंने रचिन रविंद्र को बेहद प्रतिभाशाली बताया। केन विलियमसन को संत की तरह स्थिर और शांत रहने के चुना। कप्तान मिचेल सैंटनर को बुद्धिमान कप्तान बताया। इसके अलावा कहा कि ग्लेन फिलिप्स एक्स-फैक्टर हो सकते हैं। शास्त्री ने विराट कोहली के मौजूदा फॉर्म को गेम चेंजर बताया। साथ ही विलियम्सन की महत्वपूर्ण मौकों को भुनाने की क्षमता की भी सराहना की।

### कोहली–विलियमसन को लेकर क्या बोले शास्त्री

शास्त्री ने कहा, अब मौजूदा फॉर्म की बात करें तो कोहली। जब विलियमसन हों या कोहली जैसे खिलाड़ी शानदार फॉर्म में होते हैं और आप उन्हें अपने पहले 10 रन बनाने देते हैं तो वे दिक्कत बन जाते हैं। न्यूजीलैंड से मैं विलियमसन का नाम लूंगा। रविंद्र शानदार युवा खिलाड़ी हैं। लेकिन जब ये खिलाड़ी परिस्थितियों का अंदाजा लगा लेते हैं और आप उन्हें फाइनल में 10-15 रन बनाने देते हैं तो वे दोगुने खतरनाक हो जाते हैं।

### रचिन रविंद्र को लेकर क्या बोले रवि शास्त्री

रचिन रविंद्र को लेकर शास्त्री ने कहा, 25 साल की उम्र में रविंद्र ने पहले ही 50 ओवर के आईसीसी टूर्नामेंट में पांच शतक लगा दिए हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। मुझे क्रीज में उनक मूवमेंट पसंद है। वह कट और स्वीप करेंगे। तेज गति से खेलेंगे और उनका टेम्परामेंट बहुत अच्छा है। आप यूं ही बड़े टूर्नामेंट में शतक नहीं बना सकते। आपके पास कुछ न कुछ होना चाहिएऔर मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली है।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी की आईपीएल 2026 में खेलने पर निगाहें

**कराची, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर खेलना चाहते हैं। आमिर ने कहा कि वह 2026 में आईपीएल में खेलने के लिए पात्र होंगे और अगर अवसर आएगा तो वह इसे आजमाना चाहेंगे। आमिर की पत्नी नरजिस, ब्रिटेन की नागरिक हैं और बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को ब्रिटेन का पासपोर्ट मिलने की उम्मीद है। इससे उनके लिए आईपीएल में खेलने के दरवाजे खुल जाएंगे। पाकिस्तान के शो हारना मना है में आईपीएल में खेलने को लेकर सवाल पर कहा, नेक्स्ट ईयर तक मेरी अपॉर्चुनिटी बन रही अगर हुआ तो क्यों नहीं। आमिर ने यह भी खुलासा किया कि वह आरसीबी के लिए खेलना पसंद करेंगे। जब शो के होस्ट ताबिश हाशमी ने आमिर से पूछा, जब आईपीएल में खेलने के लिए पाकिस्तान में उनकी आलोचना की जाएगी तो उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी?

### वसीम अकरम और रमीज राजा का दिया उदाहरण

आमिर ने नाम लिए बिना कहा, आईपीएल में पाकिस्तानी क्रिकेटर्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, लेकिन हमारे पूर्व क्रिकेटर कमेंट्री कर रहे थे और फ्रेंचाइजी के कोच भी थे। वह पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम के बारे में बात कर रहे थे जो कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के कोच थे और रमीज राजा कमेंट्री करते थे।

### विराट कोहली का बहुत सम्मान करते हैं

आमिर ने कहा कि वह विराट कोहली का बहुत सम्मान करते हैं और वह बल्ला संजोकर रखे हुए हैं, जो भारत के इस महान खिलाड़ी ने उन्हें 2016 में कोलकाता में टी20 विश्व कप मैच से पहले दिया था। आमिर ने कहा, विराट महान हैं और प्रतिभा की प्रशंसा करते हैं। विराट ने मुझे अपना बल्ला उपहार में दिया और मैं उनके व्यवहार से अभिभूत हो गया। मैं हमेशा से उनकी बल्लेबाजी का बड़ा प्रशंसक रहा हूं और वह मेरी गेंदबाजी के। मैंने उनके बल्ले से कुछ अच्छी पारियां खेली हैं।

### आरसीबी की किस्मत बदल सकते हैं आमिर

शो के आमिर के साथ अन्य एक्सपर्ट अहमद शहजाद ने कहा कि तेज गेंदबाज आरसीबी की किस्मत बदल सकता है और टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला सकता है। आरसीबी को अपनी गेंदबाजी की समस्या को ठीक करने के लिए आमिर जैसे गेंदबाज की जरूरत है। उनके पास अच्छी बल्लेबाजी इकाई है, लेकिन हमेशा से ही एक समस्या रही है। अगर आमिर, आरसीबी के लिए खेलते हैं तो वह खिताब जीतेंगे। आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होनी है। इससे पहले जसप्रीत बुमराह को लेकर अपडेट सामने आई है। मुंबई इंडियंस के लिए झटके वाली खबर है।





## पर्दे से लेकर निजी जीवन तक, माधुरी दीक्षित ने किए दिलचस्प खुलासे

मुंबई। राजस्थान की गुलाबी नगरी इस समय बॉलीवुड की चकाचौंध में सराबोर है। मुंबई से दूर, फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा हिस्सा इन दिनों जयपुर में जुटा हुआ है। आईफा अवॉर्ड्स 2025 का भव्य आयोजन 8 मार्च से शुरू हो रहा है, लेकिन इसका उत्साह 7 मार्च से ही नजर आने लगा था। आईफा की पूर्व संध्या पर भारतीय सिनेमा में महिलाओं की भूमिका और उनके सफर पर एक खास चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में दिग्गज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता गुनीत मोंगा ने अपनी महत्वपूर्ण राय शेयर की।

# भारत विकास की नई ऊँचाइयां छूने के लिए तैयार: विजेंद्र



**स्वतंत्र चेतना**

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। श्री गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में आयोजित बिजनेस कॉन्क्लेव 2025 में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम एक ऐसे भारत की बात करने के लिए एकत्र हुए हैं जो अवसरों की धरती होने के साथ विकास की नई ऊँचाइयों को छूने के लिए तत्पर है। भारत सिर्फ एक देश नहीं, बल्कि संभावनाओं का महासागर है।

उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की भी बेहद खुशी है कि हमारे कॉलेज को अब तक कई महान हस्तियों की मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिनमें देश के प्रधानमंत्री मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम एवं प्रणब मुखर्जी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली, तिब्बत के 14वें दलाई लामा, प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, आदि गोदरेज, सुंदर पिचाई, संदीप सिंह, कपिल शर्मा और सुरेश रैना सहित कई अन्य प्रमुख व्यक्तित्व शामिल हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत में हर क्षेत्र में अरबों डॉलर के अवसर मौजूद हैं। हमारे पास 140 करोड़ लोगों की विशाल जनसंख्या है। इसका मतलब है कि हर व्यापार के लिए ग्राहक पहले से मौजूद हैं।

# ट्रंप के टैरिफ वाले बयान पर कांग्रेस का हल्ला बोल

## पूछा- मोदी सरकार ने आखिर क्या सहमति दी है?



**स्वतंत्र चेतना**

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर सवाल उठाया जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत टैरिफ कम करने पर सहमत हो गया है। उन्होंने इस कथित सौदे पर चिंता व्यक्त की। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की वाशिंगटन यात्रा का उल्लेख करते हुए रमेश ने सवाल किया कि क्या सरकार भारतीय किसानों और निमार्ताओं के हितों से समझौता कर रही है।

रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिकियों के साथ व्यापार पर बात करने के लिए वाशिंगटन डीसी में हैं। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह कहा। मोदी सरकार ने किस बात पर सहमति जताई है? क्या भारतीय किसानों और भारतीय विनिर्माण के हितों से समझौता किया जा रहा है? 10 मार्च को जब संसद फिर से शुरू होगी, तो प्रधानमंत्री को संसद को विश्वास में लेना चाहिए।

## नौसेना की जांबाज महिला अधिकारियों का महिला दिवस पर संदेश

# साहस की कोई सीमा नहीं

**स्वतंत्र चेतना**

नयी दिल्ली। समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने के साहसिक अभियान पर निकली भारतीय नौसेना की जांबाज महिला अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपनी जोखिम भरी यात्रा के बीच दक्षिण अटलांटिक महासागर से संदेश दिया है कि महिलाओं के साहस की कोई सीमा नहीं होती।

उन्होंने कहा, दक्षिण अटलांटिक महासागर से संदेश , लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा समुद्री ज्वार की कसौटी पर खरी उतरीं, तूफानों से गुजरीं और साबित किया कि दुनिया की तरह महासागरों में भी उनके साहस की कोई सीमा नहीं है और महिलाओं में साहस की कोई सीमा नहीं होती। महिला दिवस की शुभकामनाएँ! स्वदेशी नौका तारिणी में नाविका सागर परिक्रमा पर निकली इन जांबाज महिलाओं का यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि समय बदल गया है और भारतीय नौसेना किस तरह महिला सशक्तिकरण की अगुआई कर रही है। ये अधिकारी पिछले वर्ष 2 अक्टूबर को इस अभियान पर निकली थी। उन्होंने पूरे देश के सपनों को लेकर तूफानों का सामना किया और हिंसक समुद्रों से बच निकलीं। समूची दुनिया विस्मय से देख रही है कि दोनों अधिकारियों ने नारीत्व की सच्ची भावना और महिलाओं द्वारा हासिल की जा सकने वाली ऊंचाइयों को दिखाया है। दिलना और रूपा अपने साहसी प्रयास से उन हजारों भारतीय महिलाओं को प्रेरित करती रहेंगी जो इतिहास में अपनी पहचान बनाने की आकांक्षा रखती हैं।

## एक नजर

### झारखंड में एनटीपीसी के डीजीएम रैंक के अधिकारी कुमार गौरव की गोली मार हत्या की गई

**स्वतंत्र चेतना**

रांची। झारखंड के हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा के पास आज एनटीपीसी के डीजीएम रैंक के अधिकारी कुमार गौरव की गोली मार हत्या कर दी गयी। गोली उनके पीठ में लगी और आनन फानन में उन्हें पास के निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुमार गौरव का ऑफिस एनटीपीसी के केरेडारी स्थित पांडू कार्यालय में है और आज सुबह वह हजारीबाग से अपने दफ्तर जा रहे थे, तभी अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। पीठ में गोली लगने के बाद वह वहीं गिर पड़े।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है और जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### पहले की सरकारों ने महिला सशक्तिकरण के लिए कोई काम नहीं किया : नीतीश



**स्वतंत्र चेतना**

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधा और कहा कि पहले जिन लोगों को मौका मिला उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। श्री कुमार ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यहां पार्टी कार्यालय में बिहार प्रदेश महिला जदयू की ओर से आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन का शुभारंभ करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं आप तमाम महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें देता हूं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे बेहद खुशी हो रही है।

वह प्रारम्भ से ही महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रहे हैं ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।मुख्यमंत्री ने कहा, पहले जिन लोगों को मौका मिला उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में बड़ी संख्या में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं।

### दिल्ली के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम 18 से, बिरला करेंगे उद्घाटन

**स्वतंत्र चेतना**

नयी दिल्ली। दिल्ली के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम अब 18 और 19 मार्च को पुनर्निर्धारित किया गया है जिसका उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंदर गुप्ता ने श्री बिरला से मुलाकात कर उन्हें इस कार्यक्रम के लिए उन्हें कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है। दिल्ली विधानसभा सचिवालय की ओर से शनिवार को दी गयी जानकारी के अनुसार नव निर्वाचित विधायकों के लिए इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य उन्हें विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय आचरण और शासन प्रणाली की जानकारी देना है। प्रस्तुतियों, संवाद, चचाओं और ज्ञान-विनिमय मंचों के माध्यम से इस आयोजन के माध्यम से विधायकों को उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों के महत्व को समझाना ताकि वे विधानसभा की कार्यवाही में अपनी भागीदारी को अधिक कारगर बना सकें।

### जम्मू-कश्मीर में सोमवार से बारिश का अनुमान

**स्वतंत्र चेतना**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में सोमवार से अगले चार दिनों तक गरज के साथ बारिश और हिमपात होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अधिकारी ने आज यह जानकारी दी।श्रीनगर में मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया कि केन्द्र शासित प्रदेश में अगले 24 घंटों में मौसम शुष्क रह सकता है और 10-14 मार्च के बीच अलग-अलग इलाकों में बारिश तथा हिमपात होने का अनुमान जताया गया है।इस बीच, कश्मीर संभाग में रात में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक-दो डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि जम्मू संभाग में तापमान सामान्य रहा। कश्मीर संभाग में सबसे कम तापमान गंदेरबल जिले के पर्यटन स्थल सोनमर्ग में दर्ज किया गया, जहां कल रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 2.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि बारामूला के गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट में शून्य से नीचे 4.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## नड्डा ने किया महिला समृद्धि योजना लॉन्च

# दिल्ली में महिलाओं को मिलेंगे हर महीने 2500

## दिल्ली कैबिनेट ने दी योजना को मंजूरी



**स्वतंत्र चेतना**

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला समृद्धि योजना लॉन्च कर दी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में योजना शुरू करने की घोषणा की।

इससे पहले शनिवार सुबह दिल्ली कैबिनेट की बैठक में योजना को मंजूरी दे दी गई थी। दिल्ली में 72 लाख महिला मतदाता हैं। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा।

योजना लॉन्च करते हुए नड्डा ने कहा- मैं सीएम रेखा गुप्ता और अन्य लोगों को बधाई देता हूं कि दिल्ली में इस योजना को लागू करने के लिए 5100 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। योजना तुरंत शुरू की जाएगी।

भाजपा की चुनावी सफलता में महिलाओं की भूमिका को स्वीकार करते हुए नड्डा ने कहा, दिल्ली की जीत महिलाओं के समर्थन के बिना संभव नहीं थी।

दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान आप के महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने के वादे के सामने भाजपा ने 2500 रुपए देने का वादा किया था।

पार्टी को इसका फायदा मिला और भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीतकर 26 साल बाद सत्ता में वापसी की, जबकि आप 22 सीटों पर सिमट गई।

**रजिस्ट्रेशन के लिए अलग पोर्टल**

महिला समृद्धि योजना का फायदा उठाने के लिए महिलाओं को ई-रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके लिए पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च किया जाएगा। महिलाएं इस पर वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जमा जैसे जरूरी दस्तावेज जमा करके आवेदन कर सकेंगी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा की चुनाव के दौरान यहाँ बहनों से जो वादा किया गया था उसे पूरा करते हुए कैबिनेट ने महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दे दी जिससे अब गरीब महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह मिलने लगेगा।

श्रीमती रेखा गुप्ता ने आज संवाददाताओं से कहा कि कैबिनेट की आज हुई बैठक में महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दी गई। इस योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि महिला दिवस के अवसर का सदुपयोग करते हुए कैबिनेट की बैठक की और दिल्ली चुनाव में संकल्प पत्र में दिल्ली की बहनों से जो वादा किया उस पर मुहर लग गई। इसके लिए 5100 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया गया है ताकि गरीब बहनों को लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए एक समिति बनाई गई है जिसकी वह स्वयं अध्यक्षता करेंगी और तीन मंत्री आशीष सूद, परवेश साहिब सिंह और कपिल मिश्रा सदस्य होंगे। योजना को लागू करने के लिए जल्द एक पोर्टल बनाकर पंजीकरण का काम शुरू होगा। इसके नियम एवं शर्तों पर गहन चर्चा करके काम को शुरू किया जाएगा।

## मोहन यादव का बड़ा एलान

# मध्यप्रदेश में धर्मांतरण करवाने वालो को होगी फांसी की सजा



**स्वतंत्र चेतना**

भोपाल। मध्यप्रदेश में धर्मांतरण करवाने वालों को फांसी की सजा दी जाएगी। सूबे के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस बात का एलान किया है। मोहन यादव ने कहा, धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के माध्यम से हम प्रावधान कर रहे हैं कि जो धर्मांतरण करवाएंगे, उनके लिए हमारी सरकार के द्वारा फांसी का प्रावधान किया जा रहा है। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1.27 करोड़ महिलाओं के खाते में करीब 1552.73 करोड़ और 26 लाख महिलाओं के खातों में गैस रीफिलिंग के लिए 55.95 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली कई महिलाओं को राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार (2023), राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार (2023-24), रानी अवंती बाई वीरता पुरस्कार (2024) और श्री विष्णु कुमार महिला एवं बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार (2024) से सम्मानित किया।

राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कंवेंशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राही महिलाओं ने अपने अनुभव भी सुनाए। इस मौके पर मोहन यादव ने कहा कि मासूम बच्चियों से दुराचार के मामलों में सरकार अत्यंत कठोर है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। ताकि जो लोग मासूमों के साथ जोर-जबरदस्ती या बहला-फुसलाकर दुराचार करेंगे, उन्हें जीवन जीने का अधिकार न मिले। साथ ही धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम में भी बदलाव करते हुए अब धर्मांतरण कराने वालों के लिए भी फांसी की सजा का प्रावधान किया जाएगा।

# मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सफल महिलाओं को सौंपे



**स्वतंत्र चेतना**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर देश की नारी शक्ति और उसकी प्रेरणादायी उपलब्धियों को प्रेरणादायी सम्मान देते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कुछ ऐसी महिलाओं के हाथ में सौंपे जिन्होंने जीवन के विविध क्षेत्रों में अपनी पहचान बनायी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, सफल महिलाएं प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी कहानियां और गहन सोच साझा करेंगी। इन महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल मीडिया मंच एक्स पर महिला दिवस की विषय वस्तु पर केंद्रित अपने-अपने संदेश और विचार संप्रेषित किए।

इसी तरह की महिलाओं में वैज्ञानिक एलिना मिश्रा और शिल्पा सोनी ने लिखा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, परमाणु प्रौद्योगिकी और महिला सशक्तिकरण.. शीर्षक पोस्ट में सुश्री एलिना मिश्रा और शिल्पी सोनी ने लिखा, हम एलिना मिश्रा, एक परमाणु वैज्ञानिक और शिल्पी सोनी, एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक हैं और हम महिला दिवस पर प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का संचालन करने को लेकर रोमांचित हैं।हमारा संदेश है कि भारत विज्ञान के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थान है और इसलिए हम अधिकाधिक महिलाओं से इसमें आगे बढ़ने का आह्वान करते हैं। इसी तरह शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने श्री मोदी के सोशल मीडिया मंच एक्स को संचालित करते हुए लिखा, वणक्कम! मैं शतरंज खिलाड़ी वैशाली हूँ और महिला दिवस पर मैं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सोशल मीडिया खाता संचालित करने को लेकर लिए रोमांचित हूँ।

# कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं, कई बब्बर शेर, लेकिन बंधे हुए: राहुल



**स्वतंत्र चेतना**

अहमदाबाद। राहुल गांधी ने आज अहमदाबाद में पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों लगे पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया। राहुल ने कई चौंकाने वाली टिप्पणियां कीं और अपनी ही पार्टी को आईना दिखाया। राहुल गांधी ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को 20-30 लोगों को निकालना भी पड़े तो इसमें किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं होनी चाहि। कांग्रेस सांसद राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कई बब्बर शेर हैं। लेकिन पार्टी में दो गुट हैं। एक जनता के साथ है, जबकि दूसरा जनता से दूर है।

**मैं यहां कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं आया हूं**

गुजरात प्रदेश कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए राहुल ने कहा, ह्यउन्हें ये बात स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है कि गुजरात प्रदेश कांग्रेस के नेता दिशा दिखाने में असफल रहेह्न। इससे पहले राहुल ने अहमदाबाद के ह्यकार्यकर्ता सम्मेलनह्न में महिला कार्यकताओं से मुलाकात कर उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। राहुल ने कहा कि ह्यकल वरिष्ठ नेताओं, जिला और ब्लॉक अध्यक्षों से मुलाकात की। बकौल राहुल गांधी, ह्यमेरा लक्ष्य था- आपके दिल की बातें जानना और समझना था। इस बातचीत में संगठन, गुजरात की राजनीति और यहां की सरकार के कामकाज से जुड़ी बहुत सी बातें सामने आईं। लेकिन मैं यहां सिर्फ कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं आया हूं, बल्कि प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और छोटे व्यापारियों के लिए आया हूं।

# गृहमंत्री के निर्देश के बाद एक्शन में दिल्ली पुलिस

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ जारी है अभियान



**स्वतंत्र चेतना**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस राजधानी के अलग-अलग इलाकों में रह रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए सत्यापन अभियान चला रही है। आज दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के वसंत कुंज स्थित जय हिंदी कैंप में अवैध प्रवासियों के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाया। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने काली बाड़ी मार्ग के पास जेजे कॉलोनी इलाके में सत्यापन अभियान चलाया था। संगम विहार और मंदिर मार्ग में भी इस तरीके का अभियान चलाया जा चुका है।

सब-इंस्पेक्टर रवि मलिक ने बताया कि हम उनके सत्यापन के लिए उनके सभी पहचान-पत्र मांगते हैं। अगर हमें कोई संदिग्ध लगता है, तो उसके पहचान-पत्र सत्यापन के लिए उसके संबंधित जिलों में भेज दिए जाते हैं। अगर हमें कोई अवैध रूप से यहां रहता हुआ मिलता है, तो उसे निर्वासित कर दिया जाता है। उसके सभी विवरणों का सत्यापन किया जाता है। इस वर्ष जनवरी में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पुलिस को राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए एक विशेष मिशन शुरू करने का निर्देश दिया था। दिल्ली चुनाव में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों का मुद्दा खूब उठा था। भाजपा के सत्ता में आने के साथ ही इसके खिलाफ अभियान में तेजी देखी जा रही है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को राजधानी में बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं सहित अनधिकृत प्रवासियों से निपटने के दौरान स्पष्ट और त्वरित कानूनी दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया।

बैठक में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, फिलहाल, उन कॉलोनियों में ऑडिट किया जा रहा है, जहां बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की बड़ी आबादी रहती है। इन अवैध कब्जेदारों को रहने में मदद करने वालों और उन्हें फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।






## वाह रेलवे क्या सम्मान किया... पहली बार केवल महिलाओं ने चलाई वंदे भारत



**स्वतंत्र चेतना**

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज रेलवे ने महिलाओं को खास सम्मान दिया, जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। पहली बार वंदे भारत एक्सप्रेस को पूरी तरह से महिला चालक दल द्वारा संचालित किया गया।

**महिला ड्राइवर ने चलाई वंदे भारत**

दरअसल, महिला दिवस पर ये निर्णय लिया गया। यह ऐतिहासिक यात्रा साईनगर शिरडी वंदे भारत एक्सप्रेस में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से सुबह 6.20 बजे शुरू हुई।

**ट्रेन में महिलाओं का पूरा क्रू**

ट्रेन का संचालन एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव और सहायक लोको पायलट संगीता कुमारी ने किया। ट्रेन संचालन की देखरेख श्वेता घोने ने की। महिला ट्रैवलिंग टिकट परीक्षकों (टीटीई) की एक समर्पित टीम तैनात की गई। इसमें मुख्य टिकट चेकर अनुष्का केपी और एमजे राजपूत के साथ-साथ सारिका ओझा, सुवर्णा पश्ते, कविता मराल और मनीषा राम शामिल थीं।

**पूरी यात्रा महिलाओं ने संभाली**

लोको पायलट और सहायक लोको पायलट से लेकर ट्रेन मैनेजर, टिकट परीक्षक और ऑन-बोर्ड कैटरिंग स्टाफ तक, यात्रा के हर पहलू को महिलाओं ने ही संभाला। यह पहल न केवल भारतीय रेलवे में महिलाओं की ताकत, समर्पण और नेतृत्व का जश्न मनाती है, बल्कि इस क्षेत्र में अधिक लैंगिक प्रतिनिधित्व के लिए एक शक्तिशाली मिसाल भी स्थापित करती है।

रेलवे ने कहा कि यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और अधिक समावेशी रोजगार के अवसर पैदा करने की भारतीय रेलवे की व्यापक प्रतिबद्धता के अनुरूप है।